चैत्र शुक्ल पक्ष- 8, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 300 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
16 अप्रैल 2024 मंगलवार

आज का मौसम
36 अधिकतम
23 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page- 7

## मध्यप्रदेश में आज राजनीतिक पारा हाई, कल खत्म हो जाएगा छह सीटों पर चुनाव प्रचार

# भाजपा का छिंदवाड़ा मिशन, शाह का पड़ाव दिग्विजय-ज्योतिरादित्य ने ठोका खम



**आज लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिये चुनाव प्रचार बहुत तेज है। आज का दिन इस लिहाज से भी अहम है क्योंकि विभिन्न दलों के दिग्गज नेता नामांकन दाखिल कर रहे हैं। मप्र में ज्योतिरादित्य सिंधिया और दिग्विजय सिंह, तो उत्तर प्रदेश से डिंपल यादव के नामांकन हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ ही अमित शाह, जेपी नड्डा, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी चुनाव प्रचार करने मैदान में हैं। मोदी बिहार में गया और पूर्णिया में रैली कर रहे हैं, शाम को वे बंगाल में रहेंगे। नड्डा जम्मू में तथा कांग्रेस नेता राहुल गांधी केरल, प्रियंका गांधी असम और त्रिपुरा में रैली करने निकले हैं।**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र में आज का दिन लोकसभा चुनाव के नजरिये से बहुत तपिश भरा है। आज ज्योतिरादित्य सिंधिया गुना और दिग्विजय सिंह ने राजगढ से नामांकन दाखिल कर रहे है। वहीं पहले चरण में भाजपा के टारगेट छिंदवाडा के तहत आज पार्टी के चुनाव शिल्पकार अमित शाह रोड शो करने छिंदवाड़ा पहुंच रहे हैं,खास बात यह है कि वे रात्रि विश्राम भी यहां करने वाले हैं। उनका यहां रुकना भाजपा की छिंदवाडा को लेकर अपनाई जा रही रणनीति के लिये काफी निर्णायक है। भाजपा उम्मीदवार बंटी साहू के लिये राज्य भाजपा के कई नेता भी पूरा जोर लगा रहे हैं। मंत्री कैलाश विजर्यवगीय यहां पडाव डाले हुए हैं तो मुख्यमंत्री मोहन यादव भी आधा दर्जन से ज्यादा मर्तबा इस क्षेत्र में आ चुके हैं। जेपी नड्डा ने भी यहां सभा की थी तो पीएम नरेंद्र मोदी ने भी इस क्षेत्र के समीप पिपरिया में सभा की है। छिंदवाडा में शाम छह बजे के आसपास फव्वारा चौक से करीब एक किमी का रोड शो होगा। उधर कमलनाथ अपने बेटे व सांसद नकुलनाथ को मुकाबले में बनाए रखने के लिये तीन सप्ताह से छिंदवाडा में ही डटे हैं। भोपाल समेत मप्र के कई हिस्सों से उनके समर्थक भी यहां कैंप किये हुए हैं।

### नामांकन से पहले मंदिर पहुंचे सिंधिया और दिग्विजय





गुना से 2019 में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव हारने के बाद अब फिर ज्योतिरादित्य सिंधिया यहां भाजपा के टिकट पर उतरे हैं। आज नामांकन दाखिले से पहले सिंधिया ने हनुमान मंदिर में पूजाअर्चना की और समर्थकों के काफिले के साथ नामांकन दाखिल करने शिवपुरी रवाना हुए। मुख्यमंत्री मोहन यादव उनके साथ मौजूद हैं। वहीं दिग्विजय सिंह ने राजगढ में नामांकन से पहले जालपा मंदिर में पूजा की,उनकी पत्नी भी साथ रहीं। सिंह आज साधारण तरीके से पर्चा दाखिल कर रहे है। उन्होंने पहले ही आव्हान कर दिया था कि उनके समर्थक अपने अपने क्षेत्र में रहकर कांग्रेस के लिये जनसंपर्क व सभा करें। हालांकि कई समर्थक यहां पहुंच भी गए। दिग्विजय के साथ प्रस्तावक,जिला कांग्रेस अध्यक्ष, लोकसभा प्रभारी व अधिवक्ता ही रहे।

### ममता बोलीं- भाजपा गौमूत्र पीने को कहेगी



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा को निशाने पर लेत हुए कहा कि अगर मौजूदा सरकार को सत्ता से बाहर नहीं किया जाएगा, तो लोकतंत्र खतरे में पडेगा फिर भाजपा लोगों के खाने और सोने की आदतों को भी तय करेगी। ममता ने कहा कि भाजपा आपको सुबह की चाय के साथ 'गौमूत्र' पीने और दोपहर के भोजन के लिए 'गोबर' खाने के लिए कहेगी। उनका मकसद आपके जीवन के हर पहलू को कंट्रोल करना है।ममता की यह टिप्पणी आरजेडी नेता तेजस्वी यादव के मछली खाने और उसका वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करने के बाद उठे हंगामे के दौरान सामने आई है।

### भाजपा की 12वीं सूची में दो और टिकट काटे

भाजपा ने नई लिस्ट में उप्र के लिये दो प्रत्याशियों की घोषणा की है देवरिया से शशांक मणि त्रिपाठी और फिरोजाबाद से ठाकुर विश्वजीत सिंह को टिकट दिया है। हालांकि बीजेपी ने अबतक बृजभूषण शरण सिंह की कैसरगंज सीट पर प्रत्याशी का ऐलान नहीं किया है जबकि फिरोजाबाद और देवरिया से दोनों वर्तमान सांसदों का टिकट काटकर नये चेहरे चुने गये हैं। वहीं महाराष्ट्र की सतारा सीट से छत्रपति उदयनराजे भोंसले, पंजाब की खडूर साहिब से मंजीत सिंह मन्ना मियाविंड, होशियारपुर से अनिता सोम प्रकाश और बठिंडा सीट से परमपाल कौर सिद्धू, आईएएस, यूपी की फिरोजाबाद से ठाकुर विश्वीद सिंह, देवरिया से शशांक मणि त्रिपाठी, पश्चिम बंगाल की डायमंड हार्बर पर अभिषेक बनर्जी के खिलाफ अभिजीत दास बॉबी को टिकट दिया है।

## शिवपुरी में स्लीपर बस पलटी, कांच तोड़कर मुसाफिरों को निकाला

**शिवपुरी, एजेंसी।**

आज सुबह इंदौर से ग्वालियर जा रही अशोक ट्रेवल्स की स्लीपर कोच बस का टायर फटने से वह अनियंत्रित होकर पुल से नीचे जा गिरी। इस दौरान कई सवारियां बस के अंदर फस गई जिन्हें खिड़कियों के जरिए बमुश्किल बाहर निकाला गया। हादसे में 7 से 8 लोग घायल बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार अशोक ट्रेवल्स की स्लीपर कोच बस क्रमांक एमपी 13 पी 5052 ग्वालियर जा रही थी।7 बजे सुभाषपुरा थाना क्षेत्र में फोरलेन ओवरब्रिज पर अचानक बस का टायर फट गया। टायर फटने के बाद बस अनियंत्रित हो गई और पुल से



नीचे गिरकर पलट गई। इस दौरान कई सवारियां बस के अंदर फस गई। बस स्टॉप और सवारी में खिड़की के कांच तोड़कर उनको बाहर निकाला। गंभीर घायलों को ग्वालियर रेफर कर दिया गया है।

### श्रीनगर में नाव पलटी, चार मौत

श्रीनगर में भी आज सुबह बड़ा हादसा हुआ, यहां झेलम नदी में नाव डूब गई है। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, चार शव बरामद किए गए हैं लेकिन अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। प्रारंभिक रिपोर्ट में कहा गया है कि जब नाव पलटी तो उसमें 20 लोग सवार थे। अभी बचाव अभियान जारी है। कई लोग लापता हैं। नाराज लोगों ने सड़क जाम कर दी है और विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि नाव में ज्यादातर बच्चे सवार थे।

## सलमान के घर गोलियां चलाने वाले शूटर्स गुजरात में दबोचे गए

**अहमदाबाद/मुंबई, एजेंसी।**

बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के गैलेक्सी अपॉर्टमेंट पर फायरिंग करने वाले दोनों शूटर्स को पुलिस ने दबोच लिया है। दोनों की गिरफ्तारी गुजरात के सबसे बड़े जिले कच्छ से भुज से की गई है। दोनों को रात करीब डेढ बजे पकड़ा गया है। पुलिस को मुंबई पुलिस से खुफिया जानकारी साझा की गई थी। इसके बाद कच्छ पुलिस ने अपनी लोकल इंटेलीजेंस को एक्टिव किया था।

बताया जाता है कि दोनों शूटर्स की लोकेशन माता के मठ (माता के मंदिर) के पास मिली थी। मुंबई पुलिस ने कच्छ पहुंचकर दोनों को अपनी कस्टडी में लिया। इसके बाद दोनों शूटर्स को फ्लाइट से मुंबई भेजा गया। बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग की जिम्मेदारी गैंगस्टर

### लारेंस गैंग ने ली है घटना की जिम्मेदारी



लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल ने ली थी। दोनों शूटर्स के पकड़े जाने के बाद अब इनसे आगे की पूछताछ की जा रही है। शुरुआती पूछताछ में दोनों शूटर्स ने फायरिंग की बात कबूल कर ली है। उन्होंने यह भी बताया है कि उन्होंने मुंबई से कच्छ आते वक्त सूरत में पड़ी एक नदी में हथियारों को फेंक दिया था। पकड़े गए आरोपी की पहचान आरोपियों की पहचान विक्की गुप्ता (उम्र 24) और सागर (21 साल) के रूप में हुई है। दोनों आरोपी बिहार के चंपारण के रहने वाले बताये जा रहे हैं।

## अब पोस्ट, लाइक व रिप्लाई करने के लिए देने होंगे पैसे



**नई दिल्ली ।** एक्स (पूर्व में ट्विटर) के नए मालिक एलन मस्क का पूरा ध्यान एक्स से पैसे कमाने पर ही है। पहले मस्क ने एक्स की पेड सर्विसेज लॉन्च की और ब्लू टिक को शुल्क आधारित किया। ब्लू टिक पहले फ्री में मिलता था और इसके लिए कुछ शर्तें थीं। मालिक बनने के बाद मस्क ने शर्तों में बदलाव किए और ब्लू टिक को पेड किया। अब उन्होंने नए यूजर्स के लिए एक बड़ी प्लानिंग बताई और कहा कि एक्स पर आने वाले नए यूजर्स को पोस्ट करने के लिए पैसे देने होंगे और यह एक मामूली राशि होगी, हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया है कि इसकी फीस क्या होगी। मस्क का मानना है कि फीस लगाने के बाद बॉट और फेक अकाउंट्स से होने वाले पोस्ट में कमी आएगी, क्योंकि फिलहाल कोई भी नया अकाउंट बनाकर किसी के भी पक्ष में पोस्ट कर रहा है। एलन मस्क ने कहा है कि बॉट को रोकने का यही एकमात्र तरीका है।

## दूसरे दिन भी शेयर बाजार में हडकंप, सेंसेक्स 500 अंक नीचे

**मुबंई, एजेंसी।**

ईरान और इजरायल के बीच युद्ध का तनाव आज फिर भारतीय शेयर बाजार पर साफ नजर आया। कल 800 अंक तक टूट गया सेंसेक्स फिर पांच सौ अंक नीचे आ गया।



सोमवार को बड़ी गिरावट देखने के बाद मंगलवार को भी शेयर बाजार की खराब शुरुआत (Stock Market Crash) हुई। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज की 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 500 अंक से ज्यादा फिसलकर 73000 के नीचे ओपन हुआ, तो वहीं निफ्टी भी बुरी तरह टूटकर खुला। दोनों इंडेक्स मंगलवार को लाल निशान पर खुले। ये इंडेक्स आज अपने पिछले बंद के स्तर से भी 138 अंक टूटकर ओपन हुआ।

**मेट्रो एंकर**

### वकील की गलती से 21 साल की शादी 21 मिनट में टूटी....

## गलती से हुआ तलाक, जज भी फैसले पर अड़े!

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

शादीशुदा जोडे को तलाब के लिये कई बार खूब पापड बेलना पड़ते हैं लेकिन लंदन से एक ऐसा मामला सामने आया है कि कोई भी हैरान रह गया। दरअसल, यहां कोर्ट ने एक कपल का गलती से तलाक करा दिया। दरअसल, आयशा वरदाग की लंदन बेस्ड लॉ फर्म वरदाग्स के सॉलिसिटर की एक गलती के चलते ये सब हो गया। अब जज ने फैसला वापस लेने से इनकार कर दिया है। मिस्टर एंड मिसेज विलियम्स कहे जाने वाले इस जोड़े की शादी को 2023 तक 21 साल हो चुके थे। हालांकि इस कपल को तलाक लेना ही था लेकिन वे अभी भी अपने सेपरेशन के लिए फाइनेंशियल एग्रीमेंट्स की व्यवस्था करने की प्रक्रिया में थे, इसी बीच किसी और कपल के तलाक के फाइनल ऑर्डर के दौरान वरदाग के क्लर्क ने कंप्यूटर पर ड्रॉप डाउन मेन्यु से मिस्टर एंड मिसेज विलियम्स का नाम सलेक्ट कर दिया।

इसका नतीजा यह हुआ कि 21 मिनट में दोनों का तलाक हो गया। वहीं जज को जब इस गलती के बारे में बताया गया तो उसने फैसला बदलने से इंकार कर दिया और कहा कि कोर्ट के फैसले पर जनता का विश्वास ज्यादा जरूरी है। कोर्ट में फैमली डिवीजन के अध्यक्ष सर एंड्रयू मैकफर्लेन ने कहा, फाइनल डिवोर्स ऑर्डर से मिलने वाली निश्चितता और अंतिमता का सम्मान करने और इसके द्वारा स्थापित यथास्थिति को बनाए रखने में ये एकस्ट्रांग पब्लिक पॉलिसी इंटरेस्ट है। वहीं आयशा ने कोर्ट के फैसले को खराब बताया व कहा, 'राज्य को कंप्यूटर से जुड़ी गलती के आधार पर लोगों को तलाक नहीं देना चाहिए। जब किसी गलती को अदालत के ध्यान में लाया गया तो अदालत को समझना चाहिए था। इसका मतलब है कि, अभी के लिए हमारा कानून कहता है कि ऑनलाइन सिस्टम पर की गई गलती से आपका तलाक हो सकता है, यह सही नहीं है और ये न्याय नहीं है।'

### जज ने कहा- ऐसी गलती कैसे हो गई?





दूसरी ओर, वरदाग प्रतिनिधि ने बताया कि फर्म के एक वकील ने एक जोड़े के लिए फाइनल डिवोर्स के लिए आवेदन करते हुए ऑनलाइन पोर्टल पर गलती कर दी और उस कपल का तलाक हो गया तलाक के लिए तैयार नहीं था।अपनी इस गलती का पूरे दो दिन बाद एहसास हुआ, लेकिन जब उन्होंने हाईकोर्ट से फाइनल डिवोर्स के आदेश को रद्द करने के लिए कहा, तो इस रिजेक्ट कर दिया गया। फर्म ने जोर देकर कहा कि उसके कर्मचारी ने गलती से गलत कपल के नाम पर क्लिक कर दिया था,लेकिन जज ने कहा कि किसी को अंतिम आदेश देने के लिए पोर्टल पर कई स्क्रीन से गुजरना पड़ता है तो ऐसी गलती कैसे हो सकती है।

## हुनर सीखने हुजूम...



भोपाल। बच्चों की गर्मी की छुट्‌टी के चलते टी टी नगर स्टेडियम में एक महीने के लिए समर कैंप शुरू हुआ जिसमें अलग-अलग खेल सिखाए जाएंगे। फोटो निर्मल व्यास

# भोज विवि परिसर में पहुंचा तेंदुआ, दहशत का माहौल, घर के अंदर रहने की सलाह

### देर रात पहुंची वन विभाग की टीम ने परिसर में लगाए पिंजरे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी स्थित भोज विश्वविद्यालय में सोमवार देर रात तेंदुआ देखा गया है। जिसके बाद यहां लोग दहशत में हैं और खुद को घर में बंद कर लिया है। यहां परिसर में मौजूद आवासीय इलाके में रहने वाले लोगों को घर से बाहर नहीं निकले की हिदायत दी गई है। जिसका एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें वह वह क्वार्टर के आसपास घूमते नजर आ रहा है। सूचना मिलने पर रात में ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पिंजरे लगाए हैं। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि सूचना मिलने के बाद टीम मौके पर पहुंची। लोगों को घरों में रहने को कहा गया है। पिंजरे भी लगाए हैं। इसके साथ ही यहां वन विभाग की टीम निगरानी के लिए तैनात की गई है। बता दें कि इसके पहले फरवरी 2022 में विवि परिसर में टाइगर घूमते दिखा था।




### मप्र मानव अधिकार आयोग

# सरकारी स्कूलों के बच्चों को नहीं मिली गणवेश राशि, आयुक्त को जांच के निर्देश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र मानव अधिकार आयोग के सदस्य राजीव कुमार टण्डन ने भोपाल जिले के पांच मामलों में संज्ञान लेकर संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा है। आयोग ने प्रदेश के सरकारी स्कूलों के पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों को पिछले सत्र 2023-24 की गणवेश राशि नहीं मिलने के मामले में संज्ञान लेते हुए लोक शिक्षण आयुक्त को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही आयोग ने सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को गणवेश राशि के भुगतान की जानकारी मांगी है। आयोग के संज्ञान में आया है कि  प्रदेश के 22 जिलों में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा गणवेश राशि वितरित की जाती है। इन जिलों में स्व-सहायता समूहों को 15 मार्च तक राशि उपलब्ध कराया जाना था, जो अब तक नहीं किया गया है।




### इन मामलों में भी जवाब तलब

आयोग ने भोपाल जिले में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के जिला कार्यालय से सेवानिवृत्त हुये कृषि विस्तार अधिकारी के अपने बकाया भुगतान के लिये परेशान होने और बैरसिया इलाके में एक नवविवाहिता की संदिग्ध हालात में मृत्यु होने की घटना पर संज्ञान लेकर संबंधित अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए हैं।

### सड़कों पर गड्ढों के कारण हादसे



आयोग ने शहर की कई कॉलोनियों में सड़कों पर गढ्ढों के कारण हादसे होने के मामले में संज्ञान लिया है। आयोग ने पुलिस आयुक्त एवं नगर निगम आयुक्त से मामले की जांच कराकर की गई कार्रवाई के सम्बन्ध में जवाब मांगा है। आयोग के संज्ञान में आया है कि शहर की कई कॉलोनियों में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट अधूरे पड़े होने से कॉलोनी में रहने वाले लोगों के लिये मुसीबत का सबब बने हुये है। प्लांट अधूरे पड़े होने से कॉलोनी में गढ्ढे हो गये है। जिस कारण आवाजाही करने में रहवासियों को परेशान हो रही है। गढ्ढों के कारण वाहन चालक सड़क पर गिर कर घायल हो रहे है।

### जेपी अस्पताल में डॉक्टर की कमी, मरीज परेशान



भोपाल शहर के जय प्रकाश अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट के डॉक्टर नहीं होने के मामले में आयोग ने सिविल सर्जन भोपाल एवं रेडियोलाजिस्ट के पदों को भरने के क्या प्रयास किये जा रहे है, इस संबंध में जवाब मांगा है। आयोग के संज्ञान में आया है कि अस्पताल में रेडियोलाजिस्ट के तीन पद है, लेकिन तीनों पद खाली है। जिस कारण यहां आने वाले मरीजों की सोनोग्राफी पीजी के विद्यार्थी ही कर रहे है।

### रेल यात्रियों का आसान होगा सफर

# भोपाल और कोटा रेल मंडल ने 8141 कोचों का मेंटेनेंस किया

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

ट्रेनों के कोच एक समय के बाद मेंटेनेंस मांगने लगते हैं, यदि समय पर इनकी जरुरतों को पूरा नहीं किया गया तो रेल हादसों का खतरा मंडराने लगता है। भोपाल व कोटा रेल मंडल ने यह काम समय से करते हुए 8141 कोचों का विभिन्न चरणों का होने वाला न केवल मेंटेनेंस किया बल्कि इनमें से 40 फीसद कोचों को नया जीवन भी दिया है। इस काम की वजह से रेल यात्रियों का सफर आसान हुआ है।

पश्चिम मध्य रेलवे से मिली जानकारी के मुताबिक अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक जोन में 8141 कोचों/वैगनों का पिरियोडीक ओवर हॉलिंग (आउटटर्न) किया गया। जबकि बीते वर्ष अप्रैल 2022 से मार्च 2023 तक कुल 7597 कोचों/वैगनों का पिरियोडीक ओवर हॉलिंग किया था, जो कि लगभग 07 प्रतिशत अधिक है। अधिकारियों के अनुसार इसमें सवारी डिब्बा पुर्ननिर्माण कारखाना भोपाल ने 1380 कोचों का अनुरक्षण किया व कोटा वर्कशॉप ने 6761 वैगनों की मरम्मत की है।



अकेले मार्च 2024 में सीआरडब्लूएस/भोपाल एवं डब्लूआरएस/कोटा दोनों कारखानों में कुल 668 कोचों/वैगनों का पीरियोडिक ओवर हॉलिंग किया, जिसमें सवारी डिब्बा पुर्ननिर्माण कारखाना भोपाल ने 117 कोचों का अनुरक्षण किया तथा कोटा वर्कशॉप ने 551 वैगनों की मरम्मत की है।

सीआरडब्लूएस भोपाल कोचों का तथा डब्ल्यूआरएस कोटा वैगनों का पीओएच करती है। जहाँ पर कोचों का पीओएच 12 से 18 महीनों में एक बार किया जाता है, तथा वैगनों का पीओएच (पिरियोडीक ओवर हॉलिंग) 04/06 वर्ष में एक बार किया जाता है।

### कोचों में किए ये सुधार कार्य

- कोच और वैगन के बॉडी और अंडर गियर की मरम्मत की जाती है, जिससे परिचालन में सरंक्षा सुनिश्चित की जा सके।
- कोचों और वैगनों के नीचे ट्रॉली, बोगी के सभी पार्ट्स की मरम्मत की जाती है, जो सरंक्षा की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण है।
- एयर ब्रेक सिस्टम के सभी पार्ट एवं वैगनों और कोचों के दोनों ओर की मरम्मत की जाती है जिससे सरंक्षा में बढ़ोत्तरी एवं जर्क फ्री राइडिंग का अनुभव होता है।
- व्हील और एक्सल की मरम्मत एवं रखरखाव किया जाता है, जिससे सुरक्षा में इजाफा होता है।

# नीट यूजी-2024: इस बार मप्र के 1 लाख 33 हजार 644 छात्रों ने कराए पंजीयन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

नीट यूजी-2024 की परीक्षा 5 मई को आयोजित की जाएगी। परीक्षा के परिणाम 14 जून को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा जारी किए जाएंगे। इस परीक्षा के लिए पंजीयन की संख्या साल दर साल ब? रही है। देश में पंजीयन के मामले में इस बार उत्तरप्रदेश सबसे आगे, तो वहीं मध्यप्रदेश का आठवें स्थान पर है। मप्र से इस बार एक लाख 33 हजार 644 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराए हैं। जबकि 2023 में 76 हजार विद्यार्थियों ने आवेदन किया था। आंकड़ों के अनुसार मेडिकल के अंडर ग्रेजुएशन कोर्स में प्रवेश के लिए यह अब तक के सबसे अधिक पंजीयन हैं। इससे सूबे की स्वास्थ्य सेवाओं में भी काफी सुधार होने के कयास लगाए जा रहे हैं। जानकारों के अनुसार, बड़ी संख्या में पंजीयन की मुख्य वजह प्रदेश में निजी के साथ सरकारी मेडिकल कॉलेजों की संख्या में तेजी से इजाफा होना भी है। इससे जहां एमबीबीए, बीडीएस की सीटों में इजाफा हुआ है।

## महायज्ञ ...



भोपाल के शिव शक्ति नगर में हरसिद्धि दुर्गा मंदिर में मूर्ति की स्थापना को लेकर महायज्ञ का आयोजन किया गया

### मेट्रो एंकर

### भीमराव अंबेडकर की 133वें जयंती पर कार्यक्रम

# 200 से अधिक प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संस्कार वेलफेयर सोसाइटी द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के 133वें जन्म उत्सव कार्यक्रम के अवसर पर प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन सनसिटी गार्डन स्थित हाल हलालपुर पर किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के 200 से अधिक प्रतिभागी उपस्थित थे जिन्होंने शिक्षा, खेलकूद एवं संगीत में अपना उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया है। इस अवसर पर नगर निगम के अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी के द्वारा स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अनीता मेवालाल कनर्जी वार्ड  11 पार्षद, शिवलाल मकोरिया वार्ड  63 पार्षद, अनीता प्रमोद शुक्रवारे वार्ड 59 पार्षद उपस्थित थे।

सोसायटी के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण सिकरवारे ने बताया कि 2013 से यह कार्यक्रम निरंतर आयोजित किया जा रहा है सोसायटी के द्वारा अब तक पांच हजार से अधिक प्रतिभागियों का सम्मान किया जा चुका है प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम में बीए, बीकॉम, एमएससी, एमटेक, एलएलबी, इंजीनियरिंग, एमबीबीएस के छात्र-छात्राएं,  संगीत से जु?ी प्रदेश स्तर की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सोसायटी के सचिव रमेश कुमार नन्हेट ,कार्यक्रम के अध्यक्ष रवि विछेले, उपाध्यक्ष संजय जरेलिया सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।



# कोर्ट की माने सरकार, सिंधी चैनल शुरू हो: आशा चांद

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

सिंधी संगत मुंबई प्रबंधन समिति की सदस्य आशा चांद संतनगर में मीडिया से मुखातिब हुईं। सिंधी भाषा, साहित्य, संस्कृति एवं कला के उत्थान के लिए अपनी बात रखी। चांद ने 24ङ्ग7 दूरदर्शन सिंधी चैनल की अपेक्षा सरकार से की। साथ ही नर्सरी से सिंधी भाषा का ज्ञान देने स्कूलों में नियमित कक्षाओं के संचालकों से चली चर्चा और सिंधी के लिए चलाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान को रखा।

चांद ने कहा साल 2015 में दादा राम जेठमलानी ने दिल्ली उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर की थी, जिस पर 9 फरवरी 2024 को फैसला आया है। कोर्ट ने कहा है 'अल्पसंख्यक होने के कारण सिंधी समुदाय को अपनी विरासत, संस्कृति  और प्रतिवादी (सरकार) के संरक्षण का अधिकार है।' भारत सरकार नीति और दिशा निर्देशों के अनुसार भविष्य में सिंधी समुदाय के लिए एक नया दूरदर्शन चैनल खोलने के लिए हर संभव प्रयास करेगी।



**सिंधी संगत मुंबई की सदस्य ने भाषा, संस्कृति के मुद्दे पर की बात**

**हस्ताक्षर अभियान:** सिंधी संगत देशभर में सिंधी जनों के बीच अभियान चला रही है, जिसमें अदालत के फैसले के बाद सिंधी चैनल के लिए स्थानीय सांसद, विधायक व अन्य नेताओं से मांग को लेकर समर्थन मांगा जा रहा है। चांद ने बताया कि हस्ताक्षर अभियान के अलावा डिजीटल प्लेटफार्म पर भी मांग रखी जा रही है। प्रधानमंत्री के पास भी अभियान में हुए हस्ताक्षर का मांग पत्र भेजा जाएगा।

**स्कूल संचालकों से मिलीं:** सिंधी भाषा के लुप्त होने की स्थिति को टालने के लिए चांद ने कहा, वह सिंधी बाहुल्य इलाकों में नर्सरी से सिंधी भाषा से बच्चों को जोड़ने के लिए नियमित कक्षाएं शुरू करने के लिए स्कूल संचालकों से मिल रही हैं। संतनगर में स्कूल संचालकों से समर्थन मांगा है। उन्होंने कहा कि अपनी भाषा (सिंधी) हमारी पहचान है उसे बचाना सभी की संयुक्त जिम्मेदारी है।

# चमक विहीन गेहूं के नाम पर गड़बड़ी की तो पकड़ने का पूरा इंतजाम

**– केंद्र ने दी है 30 प्रतिशत तक चमकविहीन गेहूं खरीदने की छूट**
**– मप्र सरकार को अंदेशा, समितियां कर सकती है किसानों ने नाम पर गड़बड़ी, इसलिए पकड़ने के लिए कई स्तर पर अनेकों ब्रेकर लगाए**
**– किसानों का नाम बता बाजार से खराब व घटिया गेहूं खरीदा तो पकड़े जाएंगे**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

किसानों से चमकविहीन गेहूं खरीदने के नाम पर गड़बड़ी करने वालों से निपटने के लिए मप्र सरकार ने पूरा इंतजाम कर रखा है। सरकार ने कई स्तर पर अनेकों ब्रेकर लगाए है। इसके बावजूद भी कोई समिति बाहर से चमकविहीन व घटिया गेहूं खरीदकर उसे किसानों के नाम पर चढ़ाती है तो बुरी तरह फंस जाएंगी। असल में मप्र के कई हिस्सों में गेहूं कटाई के पहले ओला वृष्टि व बारिश हुई थी। जिसके कारण गेहूं जमीन पर गिर गया था। तब गेहूं पका नहीं था इसलिए दानों को नुकसान पहुंचा है। गेहूं के दाने बारिक होने के साथ ही काले पड़े गए हैं। समर्थन मूल्य पर ऐसे गेहूं को खरीदने से मनाही है लेकिन केंद्र ने मप्र में एक टीम सर्वे के लिए भेजी थी जो ओला वृष्टि व बारिश के कारण हुए नुकसान का मुआयना कर इस नतीजे पर पहुंची कि किसानों को वाकई नुकसान हुआ है इसलिए समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के एफएक्यू मापदंडों में छूट देनी होगी। उक्त समिति के मूल्यांकन के बाद केंद्र ने मप्र को 30 फीसद तक चमकविहीन गेहूं खरीदने की छूट दे दी है। इस गेहूं का भुगतान भी सामान्य गेहूं की तरह 2400 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से किया जाएगा।



### पूर्व के घोटालों से लिया मप्र सरकार ने सबक

इधर मप्र की कई समितियों में पूर्व में गेहूं खरीदी को लेकर तरह–तरह की लापरवाही सामने आती रही है इसलिए अधिकारियों को आशंका है कि कहीं चमकविहीन गेहूं बाजार से लेकर उसे किसानों के नाम पर न चढ़ा दिया जाए। ऐसे आशंकाओं से बचने के लिए सरकार ने 8 अप्रैल को एक आदेश जारी किया है जिसमें कहा है कि समितियां किस किसान से कितना चमकविहीन गेहूं खरीद रही, इसका रिकार्ड ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों में रखा जाए। ऐसे चमकविहीन गेहूं की थप्पी अलग लगाकर उन बोरों पर चमकविहीन गेहूं के बारे में विवरण लिखा जाए। गोदामों में भी ऐसे गेहूं को एक साथ न रहने दे। परिवहन भी अलग–अलग ट्रकों से करने के निर्देश दिए हैं। खाद विभाग ने जेड मार्का के साथ अलग से बारदानों की स्टेकिंग करने, शुद्ध गेहूं के रिकार्ड के साथ रोजाना खरीदे जाने वाले चमकविहीन गेहूं के रिकार्ड को ऑनलाइन करने, बारदानों पर लाल रंग की स्याही से मार्किंग करने, जिन ट्रकों से चमकविहीन गेहूं का परिवहन किया जाए, उन ट्रकों को आवंटित किए जाने वाले चालान में भी चमकविहीन गेहूं की मात्रा व उसके प्रतिशत को अंकित करने जैसे निर्देश भी दिए है। विभाग ने गोदाम संचालकों और वेयर हाउसिंग के अधिकारियों से कहा है कि जिस ट्रक की चालान प्रति में चमक विहीन का प्रतिशत, उसकी मात्रा व मार्किंग न हो, उसे गेहूं को गोदामों में जमा न करें। उल्लेखनीय है कि मप्र के सभी जिलों में 20 मार्च से गेहूं खरीदी चल रही है।

### मप्र की महत्वपूर्ण सीटों पर मतदान की घड़ी आई करीब

# पहले चरण की 6 सीटों पर मतदान पर्ची बांटने का काम 99 फीसद पूरा




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण में बालाघाट, मंडला, छिंदवाड़ा, सीधी, शहडोल और जबलपुर में 19 अप्रैल को मतदान होना है। यह तारीख नजदीक आती जा रही है। इसी अनुरूप तैयारियां भी अंतिम चरणों में ही है। चुनाव आयोग का भी इन 6 सीटों पर ज्यादा फोकस है। सबसे पहली प्राथमिक आयोग के लिए मतदाताओं को प्रत्येक जरूरी सहूलियतें देना और उनकी समस्याओं को दूर करना है ताकि मतदान को आसान बनाया जा सके। आयोग ने इन सभी 6 सीटों पर मतदान पर्चियों का वितरण लगभग पूरा कर लिया है। आयोग का दावा है कि इन सीटों पर पर्ची बांटने का काम आयोग ने 99 प्रतिशत पूरा कर लिया है, जो पर्चियां बची है, उन्हें भी बुधवार तक बांट दिया जाएगा।



प्रथम चरण में 6 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सीधी, शहडोल (अजजा), जबलपुर, मण्डला (अजजा), बालाघाट और छिन्दवाड़ा में 19 अप्रैल को मतदान होगा। यहां पर कुल मतदाता एक करोड़ 13 लाख 9 हजार 638 है। इनमें से एक करोड़ 12 लाख 18 हजार 550 मतदाताओं को क्यू आर कोड युक्त मतदाता पर्ची वितरित की जा चुकी है। दूसरे चरण में जिन 7 संसदीय क्षेत्रों में मतदान होना है, वहां पर भी मतदाता पर्ची का वितरण शुरू हो चुका है। प्रदेश के सभी मतदाताओं को क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची का वितरण किया जा रहा है। क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची के माध्यम से मतदाता अपने मतदान केन्द्र का नाम, क्रमांक, राज्य औरजिले का हेल्पलाइन नम्बर जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कर सकेंगे।

### 19 नामांकन तीसरे चरण के लिये

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा निर्वाचन के कार्यक्रम अनुसार तीसरे चरण के लिये नाम निर्देशन–पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया 12 अप्रैल से जारी है। तीसरे चरण के लिये नाम निर्देशन–पत्र के दूसरे दिन सोमवार को 15 अभ्यर्थियों ने 19 नाम निर्देशन–पत्र प्रस्तुत किये। गत 12 अप्रैल से अब तक 22 अभ्यर्थियों द्वारा 27 नाम निर्देशन–पत्र दाखिल किये जा चुके हैं।

### राजगढ़ पहुंचकर दिग्विजय पर हमलावर हुए शिवराज

सीएम मोहन यादव व पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राजगढ में भाजपा उम्मीदवार रोडमल नागर का नामांकन दाखिल करााया व सभा में कांग्रेस के उम्मीदवार दिग्विजय सिंह पर जमकर हमला बोला। शिवराज कहा कि, यहां के कांग्रेस उम्मीदवार के माथे पर मध्यप्रदेश को बीमारू राज्य बनाने का कलंक है। उन्होंने 10 साल मुख्यमंत्री रहते हुए विकास की एक ईट तक नहीं लगाई तो सांसद बनकर क्या करेंगे। साथ ही पूर्व सीएम ने कहा कि, दिग्विजय सिंह हार की भूमिका बना रहे हैं, अभी से ईवीएम पर दोष मढ़ने की तैयारी कर रहे हैं। चौहान ने कहा कि, कांग्रेस अब समाप्ति की ओर हैं। रायबरेली से इंदिरा चुनाव लड़ती थी, लेकिन अब कांग्रेस की सर्वोच्च नेत्री सोनिया गांधी ने चुनाव लड़ने से ही इनकार कर दिया है।

### आदिवासी क्षेत्र में सरकार पर बरसे पटवारी

मप्र कांग्रेंस के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सीधी शहडोल की चुनावी सभा में भाजपा सरकार को जमकर निशाने पर लिया है। उन्होंने कहा कि लगातार भाजपा सरकार आदिवासी भाई बहनों की रक्षा करने में असफल हुई है इसका प्रमाण है एनसीआरबी का वो डाटा जिसके अनुसार मध्य प्रदेश आदिवासी अत्याचार में नंबर एक पर है। उन्होंने जनता से आग्रह किया कि भारतीय जनता पार्टी के वह नेता जिन्होंने 2700 में गेहूं, 3100 में धान, 450 में सिलेंडर तथा 3000 रू. लाडली बहन को देने के झूठे वादे करके आपसे वोट ले लिए उनसे अब हिसाब मांगने का समय है तथा भाजपा के नए झूठों का प्रतिकार करने का भी समय है। कांग्रेस पार्टी के पक्ष में मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाइए। पटवारी ने कहा कि भाजपा सरकार ने पद का दुरुपयोग करते हुए संवैधानिक एजेंसियों से पहले औद्योगिक घरानों के यहां छापा डलवाया फिर उनसे मोटी रकम चंदे के रूप में वसूली। इस प्रकार काले धन को संग्रहित किया।



### कमलनाथ बोले - छापेमारी से दबाव बना रही भाजपा

वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमलनाथ ने कहा है कि भाजपा लगातार कांग्रेस के नेताओं पर दबाव डाल रही है और जो दबाव में नहीं आता, उसके ऊपर छापेमारी और दूसरी कार्रवाई कर रही है। कांग्रेस के आदिवासी विधायक नीलेश उइके पर इस तरह का दबाव डाला गया, लेकिन वे इसके आगे नहीं झुके तो उनके ऊपर छापे डाले गए। उनके आवास, निर्माणाधीन भवन, खेत खलिहान और अन्य स्थानों पर जिस तरह से छापेमारी की कार्रवाई की गई और घंटों तक तलाशी के बाद कुछ नहीं मिला, उससे स्पष्ट है कि भारतीय जनता पार्टी प्रशासन का दुरुपयोग कर कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न कर रही है।नाथ ने कहा कि मैं इस तरह की कार्रवाई की कड़ी निंदा करता हूं और पार्टी के सभी कार्यकर्ता नीलेश उइके साथ हैं।



# सूख रहे हैं पौधे, जंगल में लग रही है आग, चुनाव ड्यूटी में मसरूफ हैं वनकर्मी!

**वन कर्मचारियों ने मुख्य सचिव को भेजें 5400 पोस्टकार्ड**


फाइल फोटो

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भोपाल। वन कर्मचारियों की चुनाव ड्यूटी को लेकर बखेडा बढ़ रहा है। अब मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच ने जिलों में कलेक्टरों द्वारा नियमों के विपरीत वनकर्मियों की चुनाव ड्यूटी लगाने के विरोध में प्रांत व्यापी पोस्टकार्ड आंदोलन शुरू कर दिया है। आंदोलन प्रदेश के 54 जिलों में कर्मचारियों ने कलेक्टरों कार्यवाही का पुरजोर विरोध करते हुए शुरू किया पोस्टकार्ड आंदोलन के प्रथम चरण में 5400 पोस्टकार्ड मुख्य सचिव के नाम भेजे गए। मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि प्रदेश के कलेक्टर राष्ट्रीय निर्वाचन आयोग के नियमों के विपरीत वन कर्मचारियों की चुनाव में ड्यूटी लगा दी है, वे मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं उच्च न्यायालय जबलपुर के आदेश को भी संज्ञान में नहीं ले रहे हैं। इससे प्रदेश का 23 हजार वन कर्मचारी दोहरी ड्यूटी करने को मजबूर है चुनाव ड्यूटी लगने के कारण जंगलों में वन माफिया सक्रिय हो गया है शिकारी शिकार करने लगे हैं तथा वृक्षारोपण के वृक्षों को चुनाव ड्यूटी के कारण पानी नहीं मिल पाएगा जिसके चलते वृक्ष सूख जाएंगे वनों की हानि होगी। इसके अलावा वनों में भीषण गर्मी में आग लग रही है जिस कारण वनों में वन कर्मचारियों को रहना आवश्यक हो गया है लेकिन कलेक्टर द्वारा वनों की संवेदनशील ड्यूटी होने के बावजूद भी वन कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी से मुक्त नहीं कर रहे हैं पोस्टकार्ड आंदोलन पूरे प्रदेश में 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा।

**मेट्रो एंकर**

### पीएचडी कोर्स के मैनुअल में हुआ संशोधन, अतिरिक्त दो वर्ष मिलेंगे

# आईआईटी में बदले नियम, अब छह साल में करनी होगी पीएचडी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो। आईआईटी आईएसएम ने पीएचडी कोर्स के मैनुअल में संशोधन किया है। सीनेट की बैठक से मंजूरी मिलने के बाद इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई है। आईआईटी के छात्रों को अब पीएचडी की पढ़ाई छह साल के अंदर ही पूरी करनी होगी। इसके अलावा अतिरिक्त दो वर्ष ही मिलेंगे।**

पीएचडी कोर्स की कुल अवधि एडमिशन की तारीख से आठ वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। पीएचडी कार्यक्रम को पूरा करने के लिए, संस्थान के नियमों के अनुसार उनके विस्तार, पुनः पंजीकरण प्रक्रिया के पूरा पूरा होने के बाद दिया जा सकता है। जानकारी के अनुसार, 4 वर्ष 8 सेमेस्टर की स्नातक डिग्री के बाद पीएचडी में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को न्यूनतम कुल प्रतिशत ग्रेड 75 फीसदी के बराबर होनी चाहिए। यूजीसी नेट स्कोर का उपयोग छात्र विभिन्न विश्वविद्यालयों व उच्च शिक्षण संस्थानों द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षाओं के स्थान पर पीएचडी डिग्री कोर्स में दाखिले के लिए कर सकते हैं। यूजीसी नेट कैटेगरी में क्वालीफाई करने वाले उम्मीदवारों को पीएचडी में प्रवेश के लिए टेस्ट स्कोर के लिए 70 वेटेज और साक्षात्कार के लिए 30 वेटेज दिया जाएगा।




### रहेंगी तीन कैटेगरी

बताया जा रहा है कि कैटेगरी 1 में वे उम्मीदवार होंगे जो पीएचडी में एडमिशन, जेआरएफ और असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में नियुक्ति पात्र होंगे। कैटेगरी 2 में वे उम्मीदवार होंगे जो पीएचडी में एडमिशन और असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में नियुक्ति के लिए पात्र होंगे। कैटेगरी 3 में जो उम्मीदवार होंगे वे सिर्फ पीएचडी में दाखिले के लिए पात्र होंगे।




संपादकीय

# फिर निजता में सेंधमारी

फोन टैपिंग या जासूसी भारत के लिये नया विषय नहीं है। इसे लेकर करीब डेढ दो साल पहले पेगासस साफ्टवेयर के जरिये फोन की जासूसी से भारतीय राजनीति में भी जबर्दस्त हडकंप रहा है। मगर अब एक बार फिर जासूसी का जिन्न बोतल से बाहर निकल आया लगता है। दुनिया के सबसे सुरक्षित मोबाइल फोन और कंप्यूटर बनाने का दावा करने वाली कंपनी एप्पल ने अपने उत्पाद का उपयोग करने वालों को संदेश भेजा है कि उनके फोन में पेगासस जासूसी साफ्टवेयर के जरिए सेंधमारी की जा सकती है, इसलिए सावधान रहें। यह संदेश उसने मेल के जरिए भारत सहित इक्यानबे देशों के लोगों को भेजा है। करीब छह महीने पहले भी उसने भारत के कुछ लोगों को चेतावनी भेजी थी कि उनका फोन पेगासस के निशाने पर हो सकता है। उनमें ज्यादातर लोग विपक्षी दलों के नेता थे, इसलिए इसे लेकर काफी हंगामा हुआ था। मगर माना गया कि सरकार के दबाव में तब एप्पल ने अपनी उस चेतावनी को बहुत धुंधला कर दिया था। इस बार उसने बहुत गंभीरता और भरोसे के साथ अपने ग्राहकों को चेतावनी दी है कि आपके फोन को 'मर्सीनरी स्पाईवेयर' के जरिए निशाना बनाया जा रहा है। हालांकि उसने उन लोगों के नाम उजागर नहीं किए हैं, जिनके फोन में इस जासूसी साफ्टवेयर के जरिए सेंधमारी के तथ्य उसे हाथ लगे हैं। कंपनी ने माना है कि इस तरह के हमले दुनिया भर हो रहे हैं। अंदाजा लगाया जा सकता है कि जब एप्पल के अत्यंत सुरक्षित माने जाने वाले फोन में सेंधमारी की जा रही है, तो बाकी एंड्रायड से चलने वाले फोनों की सुरक्षा का क्या हाल होगा। चूंकि एप्पल का सारा कारोबार इसी विश्वास पर टिका हुआ है कि उसके फोन और कंप्यूटर में कोई सेंधमारी नहीं कर सकता, उसके लिए भी यह उसके ब्रांड व विश्वसनीयता के लिये ब?ी चुनौती बन चुका है। एप्पल ने माना है कि यह घुसपैठ किसी सामान्य साइबर सेंधमार के वश की बात नहीं है, क्योंकि जिस साफ्टवेयर के जरिए यह हमला किया जा रहा है, उस पर लाखों डालर का खर्च आता है और उसे लेना सबके बूते की बात नहीं। एप्पल इस साफ्टवेयर से पार पाने का कोई इंतजाम कर पाएगी या नहीं, यह तो वक्त बताएगा, मगर दुनिया की तमाम सरकारें लोगों की निजता में सेंध लगाने को लेकर निशाने पर आ जाएंगी। भारत में जब पेगासस के इस्तेमाल की बात सामने आई थी, तब सर्वोच्च न्यायालय में कई अपीलें दायर की गई थीं। यह साफ्टवेयर इजराइल की सरकार बेचती है और उसका कहना है कि वह इसे किसी स्वतंत्र व्यक्ति या कंपनी को नहीं बेचती, बल्कि सरकारों को देती है। इसलिए भी मामला ज्यादा गंभीर बन गया था। साइबर सेंधमारी से लेकर डीपफेक आदि पहले ही भारत जैसे देश में एक गंभीर समस्या के रूप में सामने है, जिससे पार पाना सरकार के लिए बड़ी चुनौती है। ऐसे में अगर पेगासस जैसे साफ्टवेयर के जरिए जासूसी और सेंधमारी का मामला सिद्ध होता है, तो यह ज्यादा गंभीर बात होगी। पेगासस के बारे में बताया जाता है कि साफ्टवेयर को चुपके से किसी के भी फोन में डाला जा सकता है और फिर उस फोन के कैमरे, माइक वगैरह को अपने ढंग से संचालित किया जा सकता है। एप्पल के दावों को दरकिनार करना मुश्किल है। लोगों की निजता को सुरक्षित रखने के दावे सरकार की तरफ से किये जाते रहे हैं लेकिन जब इस तरह के दावे या चेतावनी सामने आती हैं तो निजता का विश्वास टूटने लगता है।

अपने मिशन में सफल होने के लिए आपको अपने लक्ष्य के प्रति एक चित भाव से समर्पित होना पड़ेगा।

# चुनाव में कुछ क्षेत्रीय दलों और नेताओं के लिए अंतिम पड़ाव की स्थिति

■ आलोक मेहता



चुनावी राजनीति में कड़े मुकाबले, समझौते, बिखराव, सत्ता और पतन के दिलचस्प मोड़ आते हैं, लेकिन इस बार लोक सभा चुनाव में कई राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों तथा नेताओं के लिए अंतिम लड़ाई और सूर्यास्त की दिलचस्प स्थिति है। सबसे पुरानी कांग्रेस पार्टी और राहुल प्रियंका गाँधी के राजनीतिक भविष्य के दांव के साथ कुछ वरिष्ठ नेताओं के लिए अंतिम चुनाव की स्थिति है। इतिहास यह भी याद दिलाता है कि दशकों से कांग्रेस कई रुपों, विभाजनों में दिखती रही है। लगभग बीस साल लोकसभा के चुनाव और पार्टी का नेतृत्व करने के बाद सोनिया गांधी अब 6 साल के लिए राज्य सभा में आ गई हैं और पार्टी के अध्यक्ष भी मल्लिकार्जुन खड़गे बन चुके हैं। वह भी 83 वर्ष के हो रहे हैं। इसलिए 2029 के चुनाव में शायद ही चुनावी मैदान में दिखाई दें। दूसरे बड़े नेता पी चिदंबरम 78 वर्ष के हैं। 2014 से उन्होंने अपने प्रिय बेटे कार्तिक चिदंबरम को लोक सभा लड़ने भेज दिया और स्वयं 2016 से राज्य सभा की शोभा बढ़ा रहे हैं। 2029 में वह 83 वर्ष के हो जाएंगे। लोकसभा चुनाव में भी वह सीमित स्थानों पर प्रचार सभा में जाते हैं। उत्तर भारत में तो गृह मंत्री के रुप में राजभाषा विभाग की जिम्मेदारी के बावजूद हिंदी के प्रयोग के लिए तैयार नहीं हुए। संपन्न बिजनेस राज परिवार के साथ बड़े वकील होने के कारण उन्होंने कांग्रेस में रहकर या अलग दल बनाकर सत्ता का सुख पाया है। अब बेटे के भविष्य को लेकर सक्रिय रहेंगे। लगभग यही स्थिति 77 वर्षीय कमल नाथ की है। उन्होंने लोक सभा के लिए अपने पुत्र नकुल नाथ को बागडोर सौंप दी है। उनके साथी दिग्विजय सिंह 76 वर्ष की आयु में लोक सभा लड़ रहे हैं। राज्य सभा के सदस्य हैं ही और बेटे को कभी मध्य प्रदेश का मुख्य मंत्री बनने का सपना देखते हैं।

लोक सभा चुनाव में कांग्रेस का परिणाम जो भी हो, उसके नाम का अस्तित्व तो रहेगा, लेकिन कुछ क्षेत्रीय दल तो संभवतः इस स्थिति में आ जाएंगे कि अगले चुनाव में नहीं दिखेंगे। सबसे दुखद स्थिति सत्तर के दशक से सत्ता की राजनीति के मराठा क्षत्रप शरद पवार की है। कांग्रेस की राजनीति में तीन चार विभाजन, समर्थन विरोध और कई गठबंधनों और एक समय प्रधानमंत्री की दौड़ में अगली पंक्ति में रहने के बाद अपनी बनाई राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का चुनाव चिन्ह इस लोक सभा में ही खो चुके हैं। हां, किसी अन्य चुनाव चिन्ह और अपने नाम को आगे रखकर एनसीपी के झंडे तले अपनी बेटी सुप्रिया सुले और नौ अन्य उम्मीदवारों को लोक सभा का चुनाव लड़वा पा रहे हैं। इंदिरा गांधी और यशवंत राव चव्हाण के साथ बड़े आत्म विश्वास से प्रदेश में मंत्री, मुख्यमंत्री, केंद्र में रक्षामंत्री और लोक सभा में नेता पद तक रहने वाले शरद पवार अब राहुल गांधी, उद्धव ठाकरे और अरविन्द केजरीवाल, तेजस्वी लालू यादव के सहारे डगमगाती राजनीति की नाव धकेल रहे हैं। हां, युवा काल में कबड्डी के खेल संगठन से सार्वजनिक क्षेत्र में आने वाले शरद पवार कबड्डी की तरह अपनी आँख और पैर दोनों पालों के बीच की रेखा पर रखते हैं। सत्ता के खेल में किसीका हाथ थाम साथ ले या उसे आउट करने में अब भी माहिर हैं। उन्होंने पहले भी घोषित कर दिया था कि वह आगे सक्रिय राजनीति नहीं करेंगे। मतलब शरद पवार की एन सी पी का सूर्यास्त। चुनाव के बाद अजित पवार और शरद पवार की बेटी यदि फिर एक साथ आ जाएं तो उनके साथियों के लिए कोई नई राह निकल सकती है।



क्षेत्रीय दलों में सर्वाधिक महत्वाकांक्षी रहे के चंद्रशेखर राव की तेलंगाना राष्ट्र समिति ने हाल ही में अपना नाम भारत राष्ट समिति कर लिया था, लेकिन 2001 में के सी आर द्वारा स्थापित इस पार्टी के लिए भी यह लोक सभा चुनाव अंतिम अध्याय की तरह है। पवार परिवार की के सी आर ने भी कांग्रेस के रास्ते से राजनीति में प्रवेश किया, लेकिन 1983 आंध्र के प्रसिद्ध सिने अभिनेता और तेलुगु देशम के मुख्यमंत्री एन टी रामाराव की शरण लेकर मंत्री बन गए। एक कारण यह भी रहा कि के सी आर परिवार के दामाद थे, बाद में उनको चंद्रबाबू नायडू के मंत्रिमंडल में काम काम का अवसर मिला। आंध्र विधान सभा के उपाध्यक्ष बने, लेकिन 20 वर्षों के बाद अपनी सत्ता और अपने ही अलग तेलंगाना प्रदेश के लिए नई पार्टी बनाकर आंदोलन में उतर गए। तेलंगाना की मांग तो साठ सत्तर के दशक से थी। केसीआर ने सचमुच बड़ा आंदोलन खड़ा किया और चुनाव में भी विजय प्राप्त कर ली। नए प्रदेश के वायदे से 2004 में कांग्रेस के साथ समझौता कर गठबंधन की मनमोहन सिंह सरकार के मंत्री बन गए, लेकिन जब नरसिंह राव खुद अलग तेलंगाना देने को तैयार नहीं हुए थे, तो मनमोहन सिंह आसानी से कैसे मान लेते। के सी आर ने नाराज होकर इस्तीफा दिया और लम्बी भूख हड़ताल से सरकार को झुका दिया। इसके बाद अपनी तेलंगाना पार्टी और राज्य में लगातार 2023 तक मनमाने ढंग से राज किया। बेटे सिरिल्ला को मंत्री बनाया। बेटी के कविता पहले सांसद और फिर विधान परिषद् की सदस्य बन गई। दोनों को मुख्यमंत्री बनने की उम्मीद रही। केसीआर ने कुछ लुभावने कार्यक्रमों से जनता को खुश किया, लेकिन मनमाने निर्णयों और भ्रष्टाचार के लिए परिवार और सहयोगियों को खुली छूट दे दी। यही नहीं 2022 - 23 आते आते राष्ट्रीय राजनीति में अपना अलग गठबंधन बनाकर प्रधान मंत्री बनने का दिवा स्वप्न देखना शुरु कर दिया। इसका एक बड़ा कारण ज्योतिष और अंध विश्वास भी था। इसी अभियान के तहत कविता ने दिल्ली की आम आदमी पार्टी के नेता मुख्यमंत्री के अरविन्द केजरीवाल के साथ राजनीतिक और आर्थिक सम्बन्ध जोड़ लिए। नतीजा यह हुआ है कि जहाँ तेलंगाना विधान सभा में के सी आर पार्टी बुरी तरह पराजित हो गई और इधर दिल्ली के शराब घोटाले में एक सौ करोड़ की गड़बड़ी के आरोप में कविता जेल पहुंच गई। इस तरह के मामले वर्षों तक चलते हैं। बाद में फैसला जो भी इस लोक सभा चुनाव में तो भारत राष्ट्र समिति ( बीआरएस ) की हालत खस्ता होती दिख रही है। केसीआर के लिए 2029 में कैसे कोई उम्मीद रहेगी। कविता के नए साथी अरविन्द केजरीवाल और उनकी पार्टी राष्ट्रीय राजनीति में डूबती उतरती दिखती रहेगी। पड़ोसी पुराने साथी चंद्रबाबू नायडू और तेलुगु देशम पार्टी ( टीडीपी ) भी आंध्र में अस्तित्व की निर्णायक लड़ाई लोक सभा चुनाव में लड़ रही है। नायडू अब 73 साल के हैं। सत्ता, प्रतिपक्ष और जेल के अनुभव पा चुके हैं। 1995 से 2004 तक मुख्यमंत्री रह चुके। कभी भाजपा, कभी कांग्रेस और अन्य पार्टियों के साथ गठबंधन करते रहे। इस बार प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की भारी लोकप्रियता देखकर भारतीय जनता पार्टी के गठबंधन में शामिल हो गए हैं। आगे विधान सभा और लोक सभा के नतीजों पर ही अंधेरे में सूरज चांद की आस रहेगी। इस दृष्टि से यह चुनाव भारतीय राजनीति में एक नया अध्याय शुरु करने वाला है।

## आज का इतिहास

- 1818 संयुक्त राज्य अमेरिका के सीनेट ने रश-बगोद संधि की पुष्टि की, जिसने अमेरिका और ब्रिटिश उत्तरी अमेरिका के बीच एक सीमांकित सीमा का आधार रखा।
- 1847 न्यूजीलैंड के युद्धों- एक नाबालिग माओरी प्रमुख को गलती से न्यूजीलैंड के नॉर्थ द्वीप के पेट्रे बस्ती में वैंगानुई अभियान शुरू करने के लिए बायर जूनियर ब्रिटिश आर्मी अधिकारी को गोली मार दी गई थी।
- 1862 कोलंबिया के जिलो में दासता समाप्त कर दी गई
- 1862 वाशिंगटन, डीसी में दासता समाप्त हो गई, जब जिला कलुम्बिया मुआवजा मुक्ति अधिनियम कानून बन गया।
- 1881 अमेरिकन ओल्ड वेस्ट के फेमस लॉमैन बैट मस्तर्सन ने बाद में पत्रकार बनने से पहले आखिरी बंदूक की लड़ाई की।
- 1889 दूसरे विश्व युद्ध की त्रासदी के बीच दुनिया को हंसाने वाले चार्ली चैपलिन का जन्म।
- 1894 मैनचेस्टर सिटी फुटबॉल क्लब इंग्लैंड में बनाया गया।
- 1912 अमेरिकन हैरियट क्वेम्बी एक ऐसी महिला बन गई जो इंग्लिश चैनल एक्रॉसिस्ट की उड़ान भरने वाली थी।
- 1917 व्लादिमीर लेनिन स्विट्जरलैंड से पेत्रोग्राद लौटे, और रूस में बोल्शेविक आंदोलन में शामिल हो गए।
- 1919 पोलिश-सोवियत युद्ध-पोलिश सेना ने आधुनिक लिथुआनिया में विनियस को पकड़ने के लिए विल्ना को शुरू किया
- 1922 इटली में रूस और जर्मनी के बीच एक संधि पर हस्ताक्षर किये गये।
- 1924 लॉस एंजिल्स में अमेरिकी मीडिया कंपनी मेट्रो-गोल्डविन-मेयर (एमजीएम) की स्थापना की गई।
- 1941 द्वितीय विश्व युद्ध- यूगोस्लाविया के एक्सिस आक्रमण के दस दिनों के बाद, एनेट पावेलिक ने फासिस्ट उस्ताई के नेतृत्व में क्रोएशिया में एक नई सरकार की घोषणा की।
- 1945 द्वितीय विश्व युद्ध- लगभग एक मिलियन सोवियत सैनिकों ने 'गेट्स ऑफ बर्लिन' के खिलाफ सेलो हाइट्स की लड़ाई शुरू की।
- 1947 अमेरिकी फाइनेंसर और राष्टपति के सलाहकार बर्नार्ड बरुचफर्स्ट ने सोवियत संघ और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच द्वितीय विश्व युद्ध के बाद के तनावों को 'शीत युद्ध' के रूप में वर्णित किया।
- 1955 शेक्सपियर के रिचर्ड तृतीय के सर लॉरेंस ओलिवियर की फिल्म संस्करण, ब्रिटेन में जारी की गयी।
- 1963 मार्टिन लूथर किंग, जूनियर ने चार दिन पहले श्वेत पादरी द्वारा लिखे गए एक खुले पत्र के जवाब में बर्मिंघम जेलिन से अपना पत्र लिखा था।
- 1970 यूरोपीय देश फ्रांस में बर्फीले तूफान से 70 लोगों की मौत।
- 1980 अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
- 1989 सीनियर्स गोल्फ ट्रेडिशन वर्ष 1989 में आयोजित किया था। इसे डॉन बाइज़ ने जीता था।
- 1989 कोस्टो रिका ने टूर्नामेंट जीतने के लिए फुटबॉल विश्व कप के आरडी दौर में यूएस को हरा दिया।

## निशाना

### कुनबा हमें बढ़ाना!



- कृष्णेन्द्र राय

करते उनका स्वागत।
है पूरा सम्मान ।।
आएं सपरिवार।
रख रहे हम ध्यान ।।
इसलिए मौजूद हैं।
सबसे हाथ मिलाना ।।
है कोशिश हमारी।
कुनबा हमें बढ़ाना ।।
पूरी जिम्मेदारी है।
है उसका ख़याल ।।
है असर दिखाना।
अब हमको हर हाल ।।
है पूरी तैयारी।
कुछ भी अब कर जाना ।।
करनी है जब वापसी।
मिल कर क़दम बढ़ाना ।।

## 'दा विंची ग्लो'



इटली में लिए इस चित्र की अग्रभूमि में कैथेड्रल 'सुपरगा का बेसिलिका' है, बीच में पहाड़ मोनविसो और पृष्ठभूमि में चंद्रमा। भले ही डूबते चंद्रमा को अर्धचंद्राकार अवस्था में कैद किया था, पर एक्सपोजर इतना लंबा था कि पृथ्वी से रोशनी दोगुनी परावर्तित हो गई, जिसे 'दा विंची ग्लो' कहते हैं, जो चंद्रमा के पूरे शीर्ष को रोशन करती है।

# चुनावी वेला में कच्चाथिवु के किंतु-परंतु

■ पुष्परंजन

रामेश्वरम से कच्चाथिवु द्वीप की दूरी मात्र 25.9 किलोमीटर है। श्रीलंका के बहुचर्चित जाफना जिले का हिस्सा है यह द्वीप। 1.6 किलोमीटर लंबे और 300 मीटर चौड़े इस द्वीप पर दस साल बाद अचानक से प्रधानमंत्री मोदी का ध्यान गया है, वो भी सूचना के अधिकार की वजह से। तमिलनाडु के बीजेपी प्रेसिडेंट के. अन्नामलाई ने आरटीआई के जरिये यह जानकारी नहीं ली होती, तो क्या 'द्वीपहरण' का यह सनसनीखे मामला दबा रह जाता डीएमके ने जब केंद्र पर दोषारोपण शुरू किया, जवाब में विदेशमंत्री एस. जयशंकर बोले, 'मैंने मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन को 21 बार कच्चाथिवु द्वीप के बारे में जानकारी दी थी।' मगर, सवाल यह है कि पीएम मोदी को यह जानकारी आरटीआई से मिलती है, संबंधित मंत्रालय से क्यों नहीं मिली इस प्रश्न का बेहतर उत्तर विदेशमंत्री एस. जयशंकर ही दे सकते हैं।

कच्चाथिवु पर विवाद का नवीनतम दौर 31 मार्च, 2024 को प्रधानमंत्री मोदी के एक ट्वीट के साथ शुरू हुआ, जिसमें तमिलनाडु के भाजपा अध्यक्ष को मिली आरटीआई रिपोर्ट के हवाले से दावा किया गया था कि कांग्रेस पार्टी ने कच्चाथिवु द्वीप को जून, 1974 में 'बेवकूफी से श्रीलंका को दे दिया।' इसके प्रकारांतर पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, 'आंखें खोलने वाली और चौंका देने वाली ! नए तथ्यों से पता चलता है कि कैसे कांग्रेस ने बेरहमी से कच्चाथिवु द्वीप को छोड़ दिया। इससे हर भारतीय नाराज है।' सबसे दिलचस्प इस राजनीतिक युद्ध में तथ्यों का छिपाना और उसे तोड़-मरोड़ कर पेश करना भी रहा है। अशोक के. कंठ 2009 से 2013 के बीच कोलंबो में भारत के उच्चायुक्त तैनात थे। उनका मानना है कि भारत ने जितना श्रीलंका को दिया, उससे कहीं अधिक बड़ा और सामरिक रूप से महत्वपूर्ण इलाका 1976 में हासिल कर लिया था। 23 मार्च, 1976 को भारत-श्रीलंका समझौते ने वाड्ज बैंक को भारत के विशेष आर्थिक क्षेत्र के हिस्से के रूप में मान्यता दी, जिससे भारत को वहां के विपुल प्राकृतिक संसाधनों पर सार्वभौम अधिकार मिल गया था। अब सोचा जा सकता है कि यह डील मूर्खतापूर्ण थी, या कि दूरगामी रणनीतिक समझदारी वाली। भारत ने 2024 की शुरुआत में ही वाड्ज बैंक इलाके में तेल की खोज के वास्ते टेंडर निकाला था, उस वजह से श्रीलंका ने स्वयं अपने मछुआरों को वहां जाने पर रोक लगा दी।



दरअसल, बीजेपी के लक्ष्य में तमिलनाडु का मछुआरा वोट बैंक है, उन्हें अपने आईने में उतारने को लेकर यह सारी कहानी बुनी गई है। गुजरात के बाद तमिलनाडु वो राज्य है, जहां समुद्री तटरेखा 1076 किलोमीटर लंबी है। तमिलनाडु के 38 में से 15 जिले तटीय हैं, जो पुदूचेरी समेत 40 लोकसभा सीटों में से आधे को प्रभावित करते हैं। मछुआरा समुदाय आये दिन श्रीलंकाई तटरक्षकों के हत्थे चढ़ता है। इनकी गिरफ्तारियां बीच समंदर होती हैं। इनके बोट जब्त होते हैं। कुछ हफ्तों बाद ये छूटते हैं, लेकिन इस बीच जमकर राजनीति होती है। तमिलनाडु फिशिंग रेगुलेशन एक्ट-1983 के अनुसार, 'राज्य के मछुआरे केवल तीन नॉटिकल माइल्स तक जाकर मछली का शिकार कर सकते हैं।' यों अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा नौ नॉटिकल माइल्स तक है, मगर बाढ़ मछुआरे उसे भी पार कर जाते हैं, परिणामस्वरूप वो पकड़े जाते हैं, फिर एक बड़ा इश्यू बनता है। जून, 2011 में, तमिलनाडु की मुख्यमंत्री जयललिता के नेतृत्व वाली सरकार ने भारत के सर्वोच्च न्यायालय में एक याचिका दायर कर 1974 और 1976 के समझौतों को असंवैधानिक घोषित करने की मांग की थी। हालांकि, केंद्र सरकार ने जयललिता के तर्कों पर आपत्ति जताई, जिसमें कहा गया था, 'भारत से संबंधित कोई भी क्षेत्र नहीं दिया गया था, न ही संप्रभुता छोड़ी गई थी, क्योंकि इसका कभी सीमांकन नहीं किया गया था।' दोनों समझौतों की वैधता की पुष्टि अगस्त, 2014 में भारतीय अटॉर्नी जनरल मुकुल रोहतगी ने की थी। उन्होंने भारत के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश आरएम लोढा के नेतृत्व वाली सर्वोच्च न्यायालय की पीठ से कहा था, 'यदि आप कच्चाथिवु की वापसी चाहते हैं, तो आपको इसे पाने के लिए युद्ध में जाना होगा।' श्रीलंका ने मुकुल रोहतगी के बयान के हवाले से सवाल करना शुरू किया है, कि क्या भारत, यूक्रेन युद्ध को इस इलाके में दोहराना चाहता है? श्रीलंका में भारत के तीन अत्यधिक सम्मानित पूर्व भारतीय उच्चायुक्त, शिवशंकर मेनन, निरूपमा राव और अशोक के. कंठ, जिनमें से दो ने बाद में विदेश सचिव के रूप में पद संभाला था, कच्चाथिवु पर पीएम मोदी के कमेंट्स से इत्तेफाक नहीं रखते। पीएम मोदी जिसे बेवकूफाना हरकत बताते हैं, वह समझौता 1974 में भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यकाल के दौरान दो श्रीलंकाई प्रधानमंत्रियों, डडले सेनानायके ( 1965-1970 ) और श्रीमती सिरिमाओ भंडारनायके ( 1970-1977 ) के अथक बातचीत के बाद संपन्न हुआ था। तीन हजार वर्गमील के एक्सक्लूसिव इकोनॉमिक जोन 'वाड्ज बैंक' को भारत ने हासिल करने के बदले यदि 1.9 वर्ग किलोमीटर का कच्चाथिवु श्रीलंका को दे भी दिया, तो इसे मूर्खतापूर्ण कैसे कह सकते हैं? फिशरी सर्वे ऑफ इंडिया का कहना है कि वाड्ज बैंक में 4,000 वर्ग मील का क्षेत्र शामिल है। इसके विपरीत कच्चाथीवु केवल 285 एकड़ का एक निर्जन द्वीप है। कोलंबो से प्रकाशित अखबार, 'द आइलैंड' ने मन्नार की खाड़ी में अवस्थित वाड्ज बैंक के बारे में अपने संपादकीय में लिखा, 'श्रीलंका को अभी तक यह समझ में नहीं आया है कि उसने मन्नार में अपने सदियों पुराने मोती मत्स्य पालन प्रजनन स्थल और प्रचुर तेल भंडार वाले इलाके को खो कैसे दिया, जिसके लिए यह द्वीप कई शताब्दियों से जाना जाता था।' मोदी के बयानों के बरअक्स श्रीलंका के मंत्रियों ने मोर्चा खोल रखा है। पहले वहां के विदेशमंत्री और अब श्रीलंका के मत्स्य मंत्री डगलस देवानंद ने गुरुवार को जाफना में कहा, 'यह भारत में चुनाव का समय है, कच्चाथिवु के बारे में दावों और प्रतिदावे का ऐसा शोर सुनना असामान्य नहीं है। मुझे लगता है कि भारत इस जगह को सुरक्षित करने के लिए अपने हितों पर काम कर रहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि श्रीलंकाई मछुआरों की उस क्षेत्र तक कोई पहुंच न हो और श्रीलंका को उस संसाधनपूर्ण क्षेत्र पर किसी भी अधिकार का दावा नहीं करना चाहिए।' इसे दुर्भाग्यपूर्ण ही कहेंगे कि चुनावी फायदे के लिए हम गड़े मुर्दे उखाड़ रहे हैं। दूसरी ओर श्रीलंका के प्रधानमंत्री दिनेश गुणावर्द्धन चीन से नौ समझौतों पर बुधवार को हस्ताक्षर कर आये हैं। चीन चुनाव तक श्रीलंका में सक्रिय रहेगा, इसे नई दिल्ली न ही भूले !

**साभार**- ये लेखक के अपने विचार हैं।

# बुजुर्ग - दिव्यांग मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक मतदान कर अपनी जिम्मेदारी निभाई



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना के निर्देशों के परिपालन में संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 17 होशंगाबाद में 85 प्लस आयु वर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं की होम वोटिंग अर्थात घर-घर जाकर मतदान दलों द्वारा डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया गया। 85 प्लस के एवं दिव्यांग मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी सक्रिय एवं महती जिम्मेदारी निभाई।

सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 137-होशंगाबाद ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि विधानसभा क्षेत्र-137 होशंगाबाद अंतर्गत कुल

### होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र अंतर्गत 85 प्लस आयु वर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं ने घर से ही किया मतदान

179 ऐसे 85 प्लस एवं दिव्यांग मतदाताओं द्वारा होम वोटिंग की सहमति दी गई जो मतदान केन्द्र तक जाकर मतदान करने में असमर्थ थे। इन मतदाताओं के घर 13 एवं 14 अप्रैल को जाकर मतदान दलों द्वारा डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया गया। बताया गया कि 85 प्लस आयु वर्ग के मतदाता श्रीमती रामरति पाल, श्रीमती सिया दुलारी दुबे आदि तथा दिव्यांग मतदाताओं में श्री दीपेश सराठे, श्री शेख जायेद आदि द्वारा उत्साहपूर्वक मतदान कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। विधानसभा 137-होशंगाबाद के कुल 179 दिव्यांग एवं 85 प्लस के मतदाताओं ने घर बैठे ही मतदान किया।

विधानसभा 136 सिवनीमालवा अंतर्गत डोलरिया की 87 वर्षीय तिजीला बाई, बीसारोडा की 86 वर्षीय रामेती बाई एवं 87 वर्षीय बुल्को बाई, 92 वर्षीय मिसरोद की सुन्दर बाई बामने तथा 92 वर्षीय तुलाराम गौर एवं, डोलरिया की 88 वर्षीय राजकुमारी बाई एवं 87 वर्षीय कंचन बाई ने घर बैठे ही मतदान की सुविधा का लाभ लिया। वहीं बम्मनगांव कलां की दिव्यांग आकांक्षा पिता रामाधार उम्र 19 वर्ष नें भी घर से ही मतदान किया। सभी बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं ने भारत निर्वाचन आयोग, जिला प्रशासन एवं मतदान दलों का आभार व्यक्त किया कि उन्हें इस उम्र में घर बैठे ही मतदान करने की सुविधा मिल पाई।

## चुनाव प्रचार में अभ्यर्थी 95 लाख रुपए तक व्यय कर सकेंगे

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अभ्यर्थी के लिए चुनाव प्रचार व्यय की सीमा 95 लाख रुपये निर्धारित की गई है। इसके लिए अभ्यर्थी को बैंक में एक पृथक खाता खोलना आवश्यक है। श्री राजन ने कहा है कि रिटर्निंग अधिकारी से प्राप्त निर्वाचन व्यय रजिस्टर में सभी दैनिक व्यय लेखा का रख रखाव करना होगा। सभी पोस्टर, बैनर, पम्प्लेट, हैण्डबिल, चाहे वे नाम निर्देशन के पहले मुद्रित/प्रकाशित किए गए हो, परंतु नाम निर्देशन के बाद उपयोग/ प्रदर्शित किए जा रहे हों, यह सभी अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में जुड़ेंगे। उन्होंने बताया कि रैली आयोजन के लिए किराये/भाड़े पर लिए गए व्यावसायिक वाहनों के लिए सभी खर्च प्रचार व्यय लेखे में शामिल किया जाएगा। अभ्यर्थी द्वारा भाग ली गई किसी रैली/प्रदर्शित फोटो/मंच साझा करने आदि पर किये गये सभी व्यय भी अभ्यर्थी के चुनाव प्रचार व्यय लेखे में जोड़े जायेंगे।

## केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम में निरूद्ध बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया



**नर्मदापुरम।** केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम में निरुद्ध बंदियो के लिए जेल में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गत दिवस जेल में निरुद्ध बंदियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए जिला चिकित्सालय के चिकित्सको द्वारा शिविर लगाया गया। अधीक्षक केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम ने उक्ताशय की जानकारी देते हुए बताया कि उक्त स्वास्थ्य शिविर में जेल में निरुद्ध पुरूष बंदी 331 एवं 76 महिला बंदियों एवं पुरुष एवं महिला बंदियों के साथ रह रहे 6 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं उपचार दिया गया। जिला अस्पताल के चिकित्सकों , वार्ड वाय सहित जेल स्टाफ एवं अन्य का उक्त स्वास्थ्य प्रशिक्षण में महती सहयोग प्राप्त हुआ।

### नर्मदा कॉलेज में मतदाता जागरूकता पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन

# 36 विद्यार्थियों ने लिया भाग, चुनाव प्रक्रिया से संबंधित प्रश्न पूछे गए



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

नर्मदा कॉलेज में स्वीप कार्यक्रम मतदाता जागरूकता के अंतर्गत प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कुल 36 विद्यार्थी सम्मिलित हुए ।मौखिक आधार पर सहभागियों छात्रों ने उत्तर प्रस्तुत किए।कार्यक्रम में मतदान पहचान पत्र, चुनाव प्रक्रिया, लोकसभा प्रत्याशी का नाम, परिसीमन क्षेत्र, चुनाव आयोग व चुनाव प्रक्रिया से संबंधित प्रश्न पूछे गए। जिसमें सुमित यादव प्रथम ,ज्योति चौरे द्वितीय तथा अंजलि भाटी तृतीय स्थान पर रहीं ।कार्यक्रम प्राचार्य डॉ ओ एन चौबे के संरक्षण और नोडल अधिकारी डॉ आर एस बोहरे के निर्देशन में किया गया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि चुनाव लोकतंत्र का आधार है ,भारत में जनता अपने मत का प्रयोग करके अपना प्रतिनिधि चुनती है। देशहित में बूथ तक अवश्य जाएं और अनिवार्य रूप से मतदान करें। संयोजक श्रीमती जय श्री नंदनवार, तथा शबनम कुरेशी और चिराग झामडे का सहयोग रहा। प्रगति चौरे, विशाखा, भूमिका, पूजा, अभय अमोले, रश्मि सहित अनेक विद्यार्थीयों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

### जनपद पंचायत केसला में समूह की महिलाओं ने मेहंदी, रंगोली बनाकर और रैली निकालकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया



**नर्मदापुरम।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सोनिया मीना एवं स्वीप नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत सोजान सिंह रावत के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत स्वीप गतिविधियों की श्रृंखला में नर्मदापुरम जिले के जनपद पंचायत केसला में रेवा संकुल स्तरीय संघ केसला द्वारा मतदाताओं को मतदान दिवस 26 अप्रैल को मतदान करने के लिये स्व सहायता समूह की महिलाओं ने जनपत पंचायत के रेवा संकुल कक्ष में स्व सहायता समूह की सदस्य एवं गांव की अन्य महिलाओं ने मेहंदी, रंगोली बनाई और मतदाता जागरूकता रैली निकाली।सहायक विकासखंड प्रबंधक खुशबू कोरी ने बताया कि जनपद पंचायत केसला में शत प्रतिशत मतदान हो इसके लिये निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। सहायक विकासखंड प्रबंधक खुशबू ने बताया की जनपद पंचायत, स्कूल और आंगनबाड़ी में आने वाले सभी ग्रामीणों को मतदान करने के लिये प्रेरित किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान में ग्राम पंचायत स्तर पर पदस्थ समस्त शासकीय अमला लगा हुआ है। साथ ही समूह की महिलाओं के द्वारा भी मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

### दिव्यांग विद्यार्थियों ने निकाली रैली, दिया मतदान जागरूकता का सन्देश



**नर्मदापुरम।** रसूलिया स्थित सहयोग विशेष आवासीय विद्यालय (दृष्टिबाधितार्थ) के दृष्टिबाधित विद्यार्थियों ने आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए दिव्यांग मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित किया। इसमें छात्र छात्राओं ने दिव्यांगों को मतदान देने के महत्त्व एवं अधिकार के विषय में बताया। अभियान में विद्यालय के यश मीणा, ऋषिका भल्लावी, रश्मि ककोडिया सहित छात्र छात्राओं ने मतदान के विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया जिसमे दिव्यांगों को मतदान देते के लिए प्रेरणा दी लोगो ने नाट्य प्रस्तुतीकरण की सराहना की, विद्यार्थियों ने सड़क पर जाकर मतदान के लिए नारे लगाए तथा लोगो को मतदान लिए जागरूक किया। विद्यालय में मतदान की रंगोली बनाई। जानकारी देते हुए संस्था के निदेशक डॉ. आशीष चटर्जी ने बताया कि मतदान जागरूकता के लिए हमारे विद्यार्थी सदैव कार्यक्रम आयोजित करते रहे हैं। वर्तमान में भी वे आम जनता को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए लगातार कार्य कर रहें हैं।

## बीएलओ ने घर-घर मतदाता पर्ची वितरित की, पर्ची प्राप्त कर मतदाता हुए खुश

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 दिनांक 26 अप्रैल 2024 को संपन्न होना है विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 136 सिवनी मालवा के मतदान केंद्र क्रमांक 1 से 318 तक के मतदाताओं को बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाता पर्ची वितरण का कार्य किया जा रहा है मतदान क्रमांक 1 से 192 तक के बीएलओ को निर्वाचन कार्यालय सिवनी मालवा से निर्वाचन कार्यालय प्रभारी पंकज परसाई द्वारा मतदाता पर्ची का वितरण किया गया वही मतदान केंद्र क्रमांक 193 से 218 तक निर्वाचन कार्यालय डोलरिया निर्वाचन कार्यालय प्रभारी श्रीमती कंचन पिथलानी द्वारा किया गया मतदान केंद्र क्रमांक 219 से 318 तक निर्वाचन कार्यालय इटारसी से नायब तहसीलदार शंकर सिंह रघुवंशी द्वारा मतदाता पर्चियो का वितरण किया गया सेक्टर क्रमांक 14 मतदान केंद्र क्रमांक 168 के बीएलओ लोकेश कुमार गौर, मतदान केंद्र क्रमांक 162 भडग चिकली के बीएलओ प्रदीप कुमार गौर, मतदान केंद्र क्रमांक 124 मोर घाट के बीएलओ राजेश रघुवंशी द्वारा बताया गया कि निर्वाचन कार्यालय से मतदाता पर्ची प्राप्त हुई थी सभी मतदाताओं को समय सीमा में रहकर मतदाता पर्चियो का वितरण किया जा चुका है तथा वितरण की सूचना निर्वाचन कार्यालय में दी जा चुकी है आगामी 26 अप्रैल 2024 को मतदाताओं को मतदाता पर्ची लेकर मतदान केंद्र पर जाना है



## किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल तथा परिणाम का प्रकाशन या प्रचार 19 अप्रैल से एक जून तक पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा

**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो।**

लोकसभा निर्वाचन 2024 की आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के दौरान प्रथम चरण की मतदान तिथि 19 अप्रैल की सुबह 7 बजे से एक जून की शाम 6ः30 बजे तक निर्वाचन के संबंध में किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में इसके परिणाम का प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से इसका प्रचार-प्रसार करने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 28 मार्च 2024 को इस आशय की अधिसूचना जारी की गई है। अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि निर्वाचन के दौरान सभी मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिये नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घण्टों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामलों के किसी भी प्रकार के प्रदर्शन पर भी पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।




उल्लेखनीय है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 क में यह प्रावधानित किया गया है कि कोई भी व्यक्ति, कोई निर्गम मत सर्वेक्षण नहीं करेगा और किसी निर्गम मत सर्वेक्षण के परिणाम का ऐसी अवधि के दौरान, जो निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचित की जाए, प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रकाशन या प्रचार या किसी भी प्रकार की अन्य रीति से प्रसार भी नहीं करेगा। यदि कोई व्यक्ति इस प्रावधान का उल्लंघन करेगा, तो वह ऐसी अवधि के कारावास से, जो दो वर्ष तक की हो सकेगी या जुर्माने से या दोनों से, दण्डनीय होगा।

**मेट्रो एंकर** | अभ्यर्थियों द्वारा विज्ञापन प्रसारित कराने पर व्यय लेखा टीम को अवगत कराएं

# लोकसभा चुनाव के व्यय प्रेक्षक ने मीडिया मॉनीटरिंग सेल का किया निरीक्षण



**रायसेन दोपहर मेट्रो।**

लोकसभा चुनाव 2024 हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय क्षेत्र 18-विदिशा के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक आईआरएस श्री मेहुल भारत जैन ने जिला स्तरीय एमसीएमसी समिति अंतर्गत कलेक्ट्रेट भवन में स्थापित मीडिया मॉनीटरिंग सेल का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रभारी अधिकारी तथा ड्यूटीरत कर्मचारियों को निर्देश दिए कि नियमित रूप से प्रिंट, इलेक्ट्रानिक एवं सोशल मीडिया में विज्ञापन और पेड न्यूज पर कड़ी निगरानी रखी जाए। कलेक्टर एवं विदिशा संसदीय क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी अरविंद दुबे द्वारा जिला स्तरीय मीडिया मॉनीटरिंग एवं सर्टिफिकेशन कमेटी तथा मीडिया मॉनीटरिंग सेल के बारे में अवगत कराया गया।

व्यय प्रेक्षक ने निर्वाचन अभ्यर्थियों के सोशल मीडिया एकाउण्ट्स की भी सतत् मॉनीटरिंग करने के निर्देश देते हुए कहा कि सोशल मीडिया एकाउण्ट्स पर अभ्यर्थियों द्वारा विज्ञापन प्रसारित कराने पर व्यय लेखा टीम को अवगत कराते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जाए। व्यय प्रेक्षक श्री जैन को एमसीएमसी नोडल अधिकारी ने अवगत कराया कि मीडिया मॉनीटरिंग सेल लगातार चौबीस घण्टे क्रियान्वित हैं और प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया तथा सोशल मीडिया पर पेड न्यूज मॉनीटरिंग की सतत् मॉनीटरिंग की जा रही है।

### विदिशा संसदीय क्षेत्र में नाम निर्देशन प्राप्ति के द्वितीय दिवस एक अभ्यर्थी ने जमा किया नाम निर्देशन पत्र

**रायसेन।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी लोकसभा आम निर्वाचन-2024 कार्यक्रम अनुसार तृतीय चरण में संसदीय क्षेत्र-18 विदिशा के निर्वाचन हेतु 12 अप्रैल 2024 को अधिसूचना जारी होने के साथ ही कलेक्ट्रेट कार्यालय रायसेन में न्यायालय कलेक्टर कक्ष क्रमांक-2 में नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। नाम निर्देशन प्राप्ति के द्वितीय दिवस रिटर्निंग अधिकारी श्री अरविंद दुबे के समक्ष राईट टू रिकॉल पार्टी के अभ्यर्थी श्री धमेन्द्र सिंह पंवार द्वारा नाम निर्देशन पत्र जमा किया गया। नाम निर्देशन पत्र जमा करने वाले अभ्यर्थियों के शपथ पत्र प्रारूप-26 का प्रदर्शन जनसामान्य के अवलोकन हेतु विदिशा संसदीय क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय के सूचना पटल तथा विदिशा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत सभी आठ विधानसभा सेगमेंट के सहायक रिटर्निंग अधिकारियों के कार्यालय के सूचना पटल पर किया गया है। इसके अतिरिक्त अभ्यर्थियों के शपथ पत्र भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट की लिंक https://affidavit.eci.gov.in/ पर भी देखे जा सकते हैं।



# आउटसोर्स कर्मचारियों ने तीन माह से वेतन न मिलने पर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

आउटसोर्स कर्मचारियों नें 4 बिदुओं को लेकर एसडीएम हर्षल चौधरी को एक षिकायती आवेदन देकर निराकरण कराने की मांग की है । ज्ञापन में लेख किया है कि गत फरवरी मार्च अप्रेल तीन माह से लगातार आउटसोर्स कर्मचारियों की वेतन नही आ रही है जिससे काफी परेषानियों का सामना करना पड रहा है । सभी कर्मचारी गरीब परिवार से है हम सभी कर्मचारी सामूहिक रूप से कार्य बंद करने हेतु बाध्य हुए है । हम सभी आउटसोर्स कर्मचारी आज दिनांक 15.4.2024 से पूर्व माह की वेतन एवं निम्न बिंदुओं के संबंध में एवं निर्धारण कार्य उपरांत वेतन भुगतान दर के संबंध मे आनिष्चित कालीन कार्य बंद की सूचना अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन के माध्यम से दी है । वही अनुविभागीय अधिकारी हर्षल चौधरी नें जल्द से जल्द निराकरण कराने की बात कही है । इस दौरान कई आउटसोर्स कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# अजाजजा समाज ने मनाई अंबेडकर जयंती



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

पठारी अनुसूचित जाति जनजाति ने स्थानीय खुरई रोड स्थित अंबेडकर भवन में बाबा साहब भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी जयंती धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई इसी दौरान मुख्य बस स्टैंड पर भी एवं ग्राम पंचायत बड़ोह में भी कार्यक्रम हुआ जिसमें बाबा साहब अंबेडकर के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर तिलक लगाया गया वहीं वक्ताओं ने उनके द्वारा समाज हित में किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला गया । कार्यक्रम में अहिरवार समाज के जिला उपाध्यक्ष तेज सिंह अहिरवार महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष आरती चौधरी तहसील अध्यक्ष दमरू लाल रवि शंकर वंशकार दोजी लाल काशीराम बारेलाल महेश अहिरवार शेर सिंह अहिरवार महेंद्र राम गौड मनोज कुमार पर्वत सिंह आदि मौजूद रहे ।

# मैं कांग्रेस का प्रत्याशी नहीं आप सबका सेवक हूं: गुड्डू राजा



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

सागर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी गुड्डू राजा उर्फ चंद्र भूषण सिंह बुंदेला को टिकट मिलने के बाद पहली बार वह पठारी पहुंचे जिन्होंने मुख्य बस स्टैंड पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित किया गुड्डू राजा ने कहा कि मैं कांग्रेस पार्टी का प्रत्याशी नहीं हूं मैं आपका सेवक हूं मैंने जिसको जो वचन दिया है उसे पूरा किया है भारतीय जनता पार्टी के जैसा धोखेबाज नहीं जो कहती कुछ और है करती कुछ है भाजपा सरकार ने गांव का और आपका विकास नहीं किया पार्टी के नेताओं पद अधिकारियों का विकास किया है वहीं कांग्रेस नेताओं ने बाबा साहेब अंबेडकर जी की जयंती पर उनके कार्यों पर प्रकाश डाला। कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहित रघुवंशी अमित शर्मा प्रभु सिंह ठाकुर जिला पंचायत सदस्य रानी अहिरवार सीमा सहरिया आरती चौधरी इरफान काजी अनु कासिम राजेश व्यास होशियार सिंह यादव अर्पित सिंघई।

# छत्री नाके से नपा ने हटाया अतिक्रमण, शौचालय को कराया मुक्त



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

एसडीम हर्षल चौधरी के द्वारा शहर को अतिक्रमण मुक्त करवाने के लिए निरंतर कार्रवाई अभियान के माध्यम से कराई जा रही है इनके निर्देशन में बड़े-बड़े रसूखदारों पर भी कार्रवाई हो रही है या होने वाली हैं । 2 दिन पहले संस्कार ग्रीन बेली स्कूल का सीमांकन करवरकर उसके खिलाफ भी कार्रवाई की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। सकूल प्रबंधन के द्वारा नियम विरुद्ध करोड़ों सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर लिया जिस पर जल्दी ही बुलडोजर चलाने वाला है । वहीं सोमवार को एसडीएम के निर्देश पर नगर पालिका अतिक्रमण अभियान के प्रभारी संजय यादव जेसीबी, ट्रैक्टर ,ट्रालियों तथा अमले की सहायता से छत्री नाके पर हुए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की यहां पर एक तरफ से अस्थाई रूप से हुई अतिक्रमण हटाने का कार्य किया गया दूसरी ओर कस्टम रोड पर सार्वजनिक शौचालय पर भी एक व्यक्ति के द्वारा कब्जा करके निर्माण कर लिया था उसको भी जेसीबी चला कर तोड़ने का काम किया गया। वहीं नगर पालिका की कार्रवाई की भनक लगते ही कई दुकानदार अपने टीन सेट स्वयं निकालकर ले जाते हुए नजर आए शहर में जहां भी अतिक्रमण है वहां पर कार्रवाई हो रही है । इस वजह से कई जगह सड़के भी चौड़ी दिखाई देने लगी है।

### क्या काले बाजार और हाजीपुर में चल क्लीनिकों पर होगी कार्रवाही या खानापूर्तिकर जाँच हो जायेगी खत्म

**अवैध रूप से संचालित हो रहे क्लिनिको की जांच जारी**

# शहर में एक क्लीनिक को किया सील, कराई जाएगी एफआईआर

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

**नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों में झोला छाप डॉक्टरों की भरमार है जहां पर मरीजों की जिंदगी से खुलेआम खिलवाड़ किया जा रहा है। एमबीबीएस डॉक्टर के नाम पर शहर में दो दर्जन से अधिक बड़े अस्पताल चल रहे हैं। जिनमें गंभीर से गंभीर मरीजों को भर्ती करके उनको मौत के घाट भी उतरने का काम कई बार किया जा चुका है। वहीं क्लिनिको की तो गिनती ही कर पाना मुश्किल है इनकी संख्या भी 50 के करीब होगी जहां पर बड़ी से बड़ी बीमारी ठीक करने का दावा करके इलाज किया जा रहा है । मेडिकल पर मिलने वाली दवाइयां इन फर्जी क्लिनिको में और अस्पतालों में ढेरों की संख्या में रखी रहती है। जिसका खुलासा भी एसडीएम के द्वारा बनाए गए टीम टीम जब जांच करने पहुंचती है तो वहां पर मरीजों को इन फर्जी डॉक्टरों के द्वारा वाटल चढाने से लेकर इंजेक्शन तथा ऐसी प्रतिबंधित दवाई भी मिलती हैं, जिनका उपयोग बहुत मजबूरी में बड़े डॉक्टर के द्वारा की किया जाता है वह दवाई यहां पर इनके द्वारा केवल अपना उल्लू सीधा करने के लिए मरीज को देकर उनकी जिंदगी से खिलवाड़ करने का काम भी किया जा रहा है। इसकी वजह से कई बार मरीजों की मौत भी हो चुकी है।**



### झोलाछापों की बल्ले बल्ले

शहर तथा ग्रामीण अंचलों में झोलाछाप डॉक्टरों के द्वारा अपना उल्लू सीधा करने के लिए हाई एंटीबायोटिक दावों का उपयोग इतनी मात्रा में किया जा रहा है कि अब मरीजों को जननिक दवाएं असर भी नहीं करती हैं । दूसरी ओर छोटी-छोटी बीमारी में बोतल और इंजेक्शन लगाने का काम भी किया जा रहा है । इन झोलाछाप डॉक्टरों को छोटे-छोटे बच्चों पर भी दया नहीं आती उनको भी वाटल और इंजेक्शन लगाने का का काम कर दिया जाता है । इस वजह से कई मरीजों की बॉडी भी खराब हो गई है तत्कालीन अधिकारियों के द्वारा फर्जी तरीके से संचालित होने वाले अस्पताल एवं क्लिनिको पर कार्रवाई की गई होती तो इस तरह की स्थिति निर्मित नहीं होती ।

### किसी को नहीं छोड़ेंगे -

विकासखंड चिकित्सालय अधिकारी विकास सिंह ने बताया कि जांच में गिरिराज क्लिनिक फर्जी तरीके से संचालित हो रहा था । महामाई मंदिर पर हो रही बैठक के कारण आगे के क्लिनिको तथा अस्पतालों की जांच नहीं कर पाए दूसरी ओर सील किए गए क्लीनिक के संचालक पर यहां से पहुंचकर से वापस पहुंचकर मामला भी दर्ज करवाएंगे किसी को भी फर्जी रूप से क्लिनिक संचालित करने की अनुमति नहीं है सभी क्लिनिको कि हमारे द्वारा जांच की जाएगी यदि अस्पताल भी नियम विरुद्ध संचालित हो रहे हैं तो इनकी भी जांच करेंगे गलत पाए जाने पर इनको भी बंद करेंगे। नगर में 7 से 8 अस्पताल के संचालकों ने रजिस्ट्रेशन करवा ली जिनमें से अधिकांश में सुविधा भी नहीं है एमबीबीएस डॉक्टर भी नहीं होते हैं कुछ तो स्वास्थ्य विभाग में ऊपर सांठ-गांठ कर रखी है इसकी वजह से इनकी जांच होती है पर कार्रवाई नहीं होती है इस वजह से इनके हौसले बुलंद है। जिन एमबीबीएस डॉक्टर के नाम पर रजिस्ट्रेशन होता है उनकी जांच की आए तो बड़े फर्जी वाले की पोल भी खुल सकती है । एमबीबीएस डॉक्टर के नाम पर रजिस्ट्रेशन होते हैं वहां आते नहीं नहीं है या फिर उनके नाम पर रजिस्ट्रेशन लेकर दुरुपयोग किया जा रहा है उनकी भी सही जांच हो जाए तो गड़बड़ झाले पर से पर्दा उठ सकता है ।

### सिर्फ होती है खानापूर्ति -

हर कार्रवाई के नाम पर केवल जिम्मेदारियां के द्वारा खाना पूर्ति करके औपचारिकता पूरी करके मामले को रफा दफा कर दिया जाता है। यदि किसी को सील और कार्रवाई की बात भी होती है तो बाद में उसको गुपचुप तरीके से खुलवा दिया जाता है जब तक ठोस कार्रवाई नहीं होगी तब तक फर्जी डॉक्टर मानेंगे नहीं कई अस्पतालों और क्लिनिको में झोलाछाप कई मरीजों की जान भी ले चुके हैं। काले बाजार और हाजीपुर में संचालित क्लिनिक एवं अन्य नर्सिंगहोम जाँच की खबर के बाद अपनी-अपनी क्लिनिक को बंद करके गायब हो जाते है, अब देखना है कि इस बार ठोस कार्रवाई होगी या फिर हर बार की तरह खानापूर्ति की भेंट प्रशासन की कार्रवाई चढ़कर रह जाएगी। 2 दिन पहले पथरिया में फर्जी तरीके से संचालित हो रहा है दो क्लिनिको को सील किया था जिन पर अभी तक स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार प्रकरण दर्ज नहीं करवा पाए हैं।

### फर्जी दवा खाने को किया बंद -

नायब तहसीलदार विकास अग्रवाल और बीएम ओ विकास सिंह शहर में संचालित होने वाले फर्जी करने की जांच करने के लिए पहुंचे तो थाने के पास में ही संचालित हो रहा है एक क्लीनिक की जब जांच पड़ताल की और वहां पर मौजूद उसके संचालक से उसको संबंध में दस्तावेज मांगे तो उनके पास कोई दस्तावेज नहीं इसके बाद जांच पड़ताल की तो यहां पर बड़ी संख्या में खाली बोतलें रखे हुए थे इंजेक्शन के साथ कई तरह की दवाई भी मिली फिर कार्रवाई के लिए पंचनामा बनाया क्लिनिक को सील करके आगे की कार्रवाई प्रारंभ की गई है।

### इनका कहना है

*फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ निरंतर कार्रवाई की जाएगी अभी तक तीन क्लिनिक सील किए गए हैं। इनके खिलाफ प्रकरण भी दर्ज करवाएंगे क्लीनिक तथा अस्पताल जो गलत तरीके से चल रहे हैं उनकी जांच के बाद कार्रवाई करेंगे हमारी कार्रवाई ठोस होगी ।*

***विकास सिंह*** *बीएमओ*

# ग्रामीण क्षेत्र की गैस एजेन्सी का भंडार केन्द्र बना सिरोंज

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

नगर में गत माह पहले व्यस्तम मार्ग घेतल गली रूई मार्किट में गैस की टंकी में आग लगने से हडकप मच गया था उसके बाद दुकानदार की सूझबूझ से बडा हादसा टल गया । गौरतलब हो कि ग्रामीण क्षेत्र की गैस ऐजेन्सी का सिरोंज में बडी मात्रा में भंडारण कर कालाबाजारी की जा रही है । जों रिहाइषी इलाका है उसको बडी विढबना कहे या प्रषासन की नाकामी जों कि नगरीय क्षेत्र में ग्रामीण क्षेत्र के नाम से नगर में ऐजेन्सी होने के बाद व्यस्तम मार्ग से गैस सप्लाई हो रही है । जहा पर हजारों की सख्या में दिन भर लोगो को आना जाना लगा रहता है । देखने में आता है कि नियामानुसार तों जो गैस गोदाम होती है नगरीय क्षेत्र से बाहर बनाई जाती है क्यो कि कोई अगर अप्रिय घटना हो तों आम जन सुरक्षित रहे । जबकि देखा जाए कि ग्राम की गैस ऐजेन्सी नगरीय क्षेत्र जों काफी व्यस्तम क्षेत्र माना जाता है उसके आसपास षासकीय कॉलेज धार्मिक स्थल एवं बडी बडी दुकाने मकानों मे व्यपारी आदि लोग कार्य करते है लेकिन स्थानीय प्रषासन की उदासीनता के चलते ग्रामीण क्षेत्र की गैस ऐजेन्सी की गैस की टंकी का सप्लाई केन्द्र बना रखा है रहवासियों मे भय का माहौल बना हुआ है ।

### नगर में हैं छोटी-छोटी पतली गलियां दुर्घटना हुई तों नही पहुँच पाती फायर ब्रिगेड



देखा जाए कि नगर में व्यवस्त क्षेत्र के अंदारूनी छोटी छोटी गलिया में अगर कोई आग की गैस टंकी से घटना हो जाती है तों वहां उस जगह पर फायर बिग्रेड की गाडी उस स्थान तक नही पहुँच पाती है और आग विकराल रूप ले लेती है और आग से लोगो का सामान आदि जलकर राख हो जाता है देखा जाए कि गत वर्ष पूर्व भी गैस सिलेंडर फटने से लोगो का काफी बडा नुकसान हुआ है । उसके बाद भी प्रशासन ने कोई घटना से सबक नही लिया है ।

### खुलेआम घरेलू गैस टंकी का होता रिफलिंग का कार्य

नगर में मुख्य चौक चौराहों पर घरेलू गैस टंकी से छोटी छोटी गैस की टंकी में रिफलिग का कार्य किया जाता है एवं चार पाहिया वाहनों मे भी खुलेआम घरेलू गैस की टंकी डाली जाती है लेकिन प्रषासन ने इस पर कोई कार्यावाही अभी तक नही की है । गत एक वर्ष पूर्व छत्री चौराहे पर मारूती ओमनी कार में गैस भरते समय आग लग गई थी लेकिन कोई जन हानि उस वक्त नही हुई थी लेकिन कोई कार्यावाही न होने के कारण आज खुलेआम चार पाहिया वाहनों में गैस की मोटरो से खुलेआम रिफलिंग का कार्य किया जा रहा है, लेकिन आज तक इस गैस भरने वाले व्यक्ति पर कोई कार्रवाही प्रशासन नहीं गई है।

### क्या किसी का है सरंक्षण जों नहीं होती कार्यावाही

देखा जाए कि खाघय विभाग की कार्यावाही भी कई षंकाओं भरी देखने को मिलती है क्यो कि जब जब कोई तीज त्यौहार आते ही खादय विभाग की टीम सक्रिय हो जाती है चाहे होटलों पर बिक रही खादय सामाग्री की जांच हो या मिठाई की दुकानों की सेंपलिग हो आदि जांच सिर्फ त्योहारों तक ही सीमित रहती है जिससे विभाग की कार्यावाही भी षंकाओं भरी देखने को मिलती है । या कहे कि कोई रसूखदारों के चलते किसी का संरक्षण प्राप्त हो इस लिए विभाग कार्यावाही करने से बचता हों ।

### इनका कहना है

*आपके द्धारा जानकारी मिली है मुझे की रिहायषी इलाके में गैस सिलेंडर का गैदाम बना हुआ है वही से संचालित हो रहा है कार्य तों मैं इसकी जांच करूगा ।*

***अंसार अली नकवी***, *खादय अधिकारी*

**मेट्रो एंकर**

### 600 मीटर की सड़क पर आधा दर्जन जगहों पर बनती है जाम की स्थिति

# आखिर कब होगी नगर से बाहर मंडी, बिगड़ रही है सूरत, किसान - जनता परेशान

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

किसानों तथा आम जनता के हित में भी जिम्मेदारों के द्वारा तत्काल कृषि उपज मंडी को बाहर करने के लिए कदम नहीं उठाया जा रहे हैं। कई सालों से फाइल को इधर से उधर घुमने का काम किया जा रहा है। इनको शायद किसानों और आम जनता की परेशान परेशान कोई सरोकार नहीं है तभी तो मंडी नगर से बाहर नहीं किया जा रहा है। यदि जल्दी ऐसा हो जाए तो जाम की समस्या अपने आप खत्म हो जाएगी।

### शहर की सूरत बिगाड़ रही है और धूल से परेशान हैं व्यापारी

शहर के सौंदर्यीकरण के साथ सुलभ आवागमन के लिए कई तरह के प्रयास किए जा रहे हैं, इनमें सड़क का चौड़ीकरण प्रमुख काम है। इससे आवागमन में कितना सुधार होगा यह तो भविष्य में पता चलेगा, लेकिन जब तक शहर के बीच कृषि उपज मंडी है तब तक आवागमन में विशेष सुधार की संभावनाएं नजर नहीं आती है। साल के छह माह मंडी में उपज की आवक होती है, जिससे किसानों के वाहनों का आवागमन बढ़ जाता है और यह शहर की चाल को रोकता है। शहर और आसपास के सरकारी भवनों का निर्माण या तो हुआ है यह चल रहा है, लेकिन सालों पुरानी कृषि उपज मंडी की स्थिति जस की तस है। कई बार मंडी को शहर से बाहर ले जाने की मांग उठी, लेकिन न जाने किस दबाव में मंडी को शहर से बाहर नहीं ले जाया जा सका। यहां तक कि कुछ साल पहले मंडी के लिए जमीन भी तय हो गई थी, लेकिन बाद में क्या हुआ यह आज तक पता नहीं चल सका या फिर सिर्फ कागजों में ही कार्रवाई होकर सिमट गई। अधिकारियों की माने तो मंडी शहर के बीच ही रहेगी, यानी इस समस्या का कोई निकट भविष्य में दिखाई नहीं पड़ता, बल्कि और बढने की आशंका है। शहर के बीच कृषि उपज मंडी का होना नागरिकों के लिए तमाम तरह की समस्याओं का कारण बन रहा है। अपनी समस्याओं और मांगों, मंडी में अव्यवस्था आदि समस्याओं को लेकर फसल के दौरान किसान आए दिन मंडी के बाहर निकल कर हाईवे पर जाम लगाते हैं। कई बार चक्का जाम के अलावा अन्य तरह के आंदोलन हो चुके हैं। वही कई दिनों सरकारी छुट्टी होने के कारण बंद मंडी सोमवार को खुलते ही बड़ी संख्या में किसान अपनी उपज बेचने के लिए मंडी पहुंचे जहां जगह एवं सड़क की समस्या के कारण किसानों को तथा आम नागरिकों को दिन भर जाम की समस्या से जूझना पड़ा। बासौदा नाके से लेकर बस स्टैंड तक करीब 600 मीटर की सड़क पर आधा दर्जन जगहों पर जाम की स्थिति देखने को मिली।



### जगह की कमी से किसान होते हैं परेशान

सिरोंज मंडी परिसर में इतनी भी जगह नहीं है कि किसानों की ट्रॉलियां खड़ी कर नीलामी की जा सके । यही कारण है कि अलग-अलग उपज की अलग-अलग स्थान पर नीलामी की जा रही है । गेहूं की नीलामी के लिए बस स्टैंड के पास तालाब परिसर में की जाती है तो वहीं अन्य फसलों को मंडी परिसर में ही नीलामी कर खरीदा जा रहा है । जिससे किसानों को और व्यापारियों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है । इसके अलावा किसानों की समस्या उस समय और बढ़ जाती है जब मौसम खराब हो या फिर थोड़ी बहुत ही बूंदाबांदी या बारिश हो जाए । ज्ञात होगी अचानक खराब मौसम के कारण बारिश हुई थी तो किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा था और कई किसानों की उपज पानी के कारण गीली हो गई थी ।

### मंडी रोड पर ही सबसे अधिक बैंक, किसी के पास नहीं है वाहन पार्किंग व्यवस्था

शहर के लिंक रोड पर भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, मंडी बायपास एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, बैंक ऑफ बडौदा, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मार्यादित विदिशा, न्यू बस स्टैंड स्थित जिला सहकारी एवं ग्रामीण बैंक, यूनियन बैंक, मुथुट फाइनेंस, श्रीराम फाइनेस आदि एक्सिस बैंक, केनरा बैंक सहित अन्य बैंक मौजूद हैं । इसके साथ ही कई मेरिज गार्डन मौजूद हैं । इन सभी में वाहन पार्किंग नहीं है । मुख्य बाजार में भी स्थिति खराब है । यहां से शहर का पूरा थोक किराना व्यापार संचालित होता है । शहर के सभी प्रमुख मार्ग अतिक्रमण की चपेट में है । जिसकी वजह से दिन में कई बार जाम की स्थिति बनती है । यदि इन बैंकों के पास वाहन पार्किंग व्यवस्था हो जाए तो कुछ हद तक लोगों को जाम से राहत जरूर मिल सकती है ।

### इनका कहना है -

*मैं अभी आया हूं, आते ही व्यवस्था में काफी हद तक सुधार किया है कर्मचारियों की कमी के कारण जाम की स्थिति बन रही है उस पर हम काम कर रह हैं। जल्द ही ट्रैफिक जाम से भी किसान और आम नागरिकों को निजात मिलेगी। मैं दिखवाता हूं शहर से बाहर मंडी के लिए क्या प्रयास हुए हैं।*

***रामदीन इमने***, *मंडी सचिव*

# सबसे तेज समय निकालने वाले चौथे भारतीय धावक बने सर्वेश कुशारे

## कैलिफोर्निया में जीती ऊंची कूद स्पर्धा, अमरीका में किया शानदार प्रदर्शन

**पर्थ, एजेंसी**

एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता सर्वेश कुशारे ने अमरीका के कैलिफोर्निया में अजुसा पैसिफिक यूनिवर्सिटी में आयोजित ब्रायन क्ले इनविटेशनल 2024 में पुरुषों के हाई जंप का खिताब जीता। सर्वेश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शनिवार को ग्रुप-ए में पहला स्थान हासिल किया और 2.19 मीटर के बार को पार किया। हालांकि उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2.27 मीटर है। पुरुषों की 1500 मीटर दौड़ में, परवेज खान 3.38.76 मीनट के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ 12वें स्थान पर रहे। वह इस स्पर्धा में सबसे तेज समय निकालने वाले चौथे भारतीय धावक बने। इस बीच, परवेज खान ने 1500 मीटर में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए ब्रायन क्ले इनविटेशनल एथलेटिक्स मीट में 12वां स्थान हासिल किया।

भारत के सर्वेश कुशारे ने शनिवार को दक्षिणी कैलिफोर्निया के अजुसा पैसिफिक यूनिवर्सिटी में आयोजित ब्रायन क्ले इनविटेशनल 2024 में पुरुषों की ऊंची कूद का खिताब जीतकर अपने सीज़न की शानदार शुरुआत की है। कुशारे, जो पिछले साल हांगझोऊ में एशियन गेम्स में 2.26 मीटर के प्रयास के साथ चौथे स्थान पर रहे थे, उन्होंने ग्रुप ए में पहला स्थान हासिल करने के लिए कैलिफोर्निया में 2.19 मीटर की ऊंची कूद दर्ज की। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 2.27 मीटर है, जो उन्होंने 2022 के अंत में दर्ज किया था। अमेरिका के एजे मैक्लोफ्लिन 2.08 मीटर की छलांग के साथ दूसरे स्थान पर रहे। तीसरा स्थान अमेरिकी कैस डोब्रोवोल्स्की, व्याट थिएल और कनाडा के एडेन ग्राउट के बीच साझा किया गया, जिन्होंने 2.03 मीटर की ऊंची कूद दर्ज की। टोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता निशाद कुमार ने भी इस इवेंट में हिस्सा लिया और 1.98 मीटर की छलांग के साथ कॉम कॉटन, स्काई सिसकारेली और ओवेन पेनिंगटन के साथ संयुक्त छठे स्थान पर रहे।




## आईपीएलः सिक्सर किंग बने क्लासन, कोहली टॉप स्कोरर

# आज आरआर और केकेआर में नंबर-वन के लिए होगी जंग

**बेंगलुरु, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग ( आईपीएल ) के 17वें सीजन में लीग स्टेज के 30 मैच खत्म हो चुके हैं। आरसीबी 7 मैच खेलने वाली पहली टीम बनी, लेकिन टीम 6 मुकाबले हारकर पॉइंट्स टेबल में 10वें नंबर पर है। दूसरी ओर बेंगलुरु को 25 रन से हराने के बावजूद सनराइजर्स नंबर-4 पर ही मौजूद है, हालांकि उनके 2 पॉइंट्स जरूर बढ़ गए। एसआरएच के हेनरिक क्लासन के 6 मैचों में सबसे ज्यादा 24 छक्के हो गए। वहीं आरसीबी के विराट कोहली टूर्नामेंट के टॉप रन स्कोरर हैं। आज पॉइंट्स टेबल की टॉप-2 टीमें राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइटराइडर्स के बीच मुकाबला होगा। मैच जीतने वाली टीम नंबर-1 पर पहुंचेगी।

### 8 पॉइंट्स के साथ टॉप-4 में कायम एसआरएच

सोमवार को चिन्नास्वामी स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को हराया। एसआरएच ने पहले बैटिंग करते हुए 3 विकेट गंवाकर 287 रन बनाए। आरसीबी ने भी 7 विकेट खोकर 262 रन बना दिए लेकिन टीम मैच नहीं जीत सकी। एसआरएच के अब 6 मैचों में 4 जीत और 2 हार से 8 पॉइंट्स हो गए। टीम पॉइंट्स टेबल में चौथे नंबर पर है। केकेआर और सीएसके के भी 8-8 पॉइंट्स ही हैं लेकिन खराब रन रेट के कारण हैदराबाद इनसे नीचे हैं। आरसीबी को 7 मैचों में एकमात्र जीत पंजाब किंग्स के खिलाफ होमग्राउंड पर मिली थी। इस जीत के 2 पॉइंट्स लेकर भी टीम 10वें नंबर पर ही कायम है। अब टीम को क्वालिफाई करने के लिए सभी मैच जीतने ही होंगे।



### आज टॉप कर सकती है केकेआर

17वें सीजन में आज कोलकाता नाइट राइडर्स का सामना राजस्थान रॉयल्स से होगा। मुकाबला कोलकाता में शाम 7.30 बजे शुरू होगा। कोलकाता 5 मैचों में 4 जीत और एक हार से 8 पॉइंट्स लेकर दूसरे नंबर पर है। आज का मैच जीतने पर केकेआर 10 पॉइंट्स के साथ टॉप पर आ जाएगी क्योंकि उनका रन रेट पहले नंबर पर मौजूद राजस्थान से बेहतर है। राजस्थान के फिलहाल 10 पॉइंट्स ही हैं। कोलकाता अगर हारी तो भी टीम दूसरे नंबर पर ही रहेगी, क्योंकि उनका रन रेट सीएसके और एसआरएच से बहुत बेहतर है।

### विकेट टेकर में चौथे नंबर पर पहुंचे कमिंस

पैट कमिंस ने आरसीबी के खिलाफ 3 विकेट लिए, इसी के साथ उनके 6 मैचों में 9 विकेट हो गए। टॉप विकेट टेकर में वह चौथे नंबर पर पहुंच गए। आरआर के युजवेंद्र चहल 11 विकेट के साथ टॉप पर हैं, आज वह टॉप पर अपनी स्थिति मजबूत कर सकते हैं।

### राजस्थान हारी तो नंबर-2 पर

राजस्थान रॉयल्स इस सीजन 6 में से 5 मैच जीत चुकी है, टीम को एकमात्र हार गुजरात के खिलाफ मिली। 10 पॉइंट्स लेकर टीम पहले नंबर पर है, आज का मैच जीतने पर टीम 12 पॉइंट्स के साथ नंबर-1 पर अपनी स्थिति मजबूत कर लेगी। हारने पर टीम दूसरे नंबर पर पहुंच जाएगी।

### ऑरेंज कैप अब भी विराट के पास

विराट कोहली ऑरेंज कैप की रेस में अब भी सबसे आगे हैं। उनके नाम 7 मैचों में 361 रन हैं। हेनरिक क्लासन 253 रन के साथ छठे नंबर पर पहुंच गए। आज रियान पराग 78 और संजू सैमसन 96 रन बनाकर टॉप पर पहुंच सकते हैं।

### सिक्सर किंग बने क्लासन

हेनरिक क्लासन ने सोमवार को 7 सिक्स लगाए। इसी के साथ उनके 6 मैचों में 24 छक्के हो गए और वह सिक्स हिटर में टॉप पर पहुंच गए। उन्होंने एलएसजी के निकोलस पूरन को पीछे किया, जिनके नाम 19 छक्के हैं। दिनेश कार्तिक भी 18 सिक्स के साथ तीसरे नंबर पर पहुंच गए। आज केकेआर के रियान पराग 7 छक्के लगाकर टॉप पर पहुंच सकते हैं।

### बाउंड्री मास्टर्स में कोहली ही टॉप पर

17वें सीजन में सबसे ज्यादा चौके अब भी आरसीबी के विराट कोहली के ही नाम है। उनके नाम 7 मैचों में 35 चौके हैं। दूसरे नंबर पर ट्रैविस हेड पहुंच गए, उनके नाम 5 मैचों में 28 चौके हैं। आज संजू सैमसन 11 चौके लगाकर टॉप पर पहुंच सकते हैं। केकेआर के फिल सॉल्ट भी 13 चौके लगाकर पहले नंबर पर पहुंच सकते हैं।

### हैदराबाद-बेंगलुरु मैचः दूसरी इनिंग में आईपीएल का सबसे बड़ा स्कोर बनाया, सबसे ज्यादा बाउंड्री लगी

इंडियन प्रीमियर लीग में हाई स्कोरिंग मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 25 रन से हराया। चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। एसआरएच ने 20 ओवर में 3 विकेट गंवाकर 287 रन बनाए। आरसीबी ने दूसरी पारी में 7 विकेट खोकर 262 रन बनाए लेकिन टारगेट चेज करने में असफल रही। मैच में कुल 549 रन बने, जो टी-20 इतिहास में सबसे ज्यादा है। इससे पहले स्क्र॥ और एमआई के बीच मैच में 523 रन बने थे। एसआरएच ने आईपीएल का सबसे बड़ा स्कोर भी बनाया, टीम ने अपना ही 19 दिन पुराना रिकॉर्ड तोड़ा।

### बिली जीन किंग कपः भारत, न्यूजीलैंड से हार कर ग्रुप एक में रहेगा

# भारत तीसरे स्थान पर, चीन व दक्षिण कोरिया का विश्व प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई

**पेरिस, एजेंसी**



भारतीय महिला टेनिस टीम एशिया ओशिनिया ग्रुप में तीसरे स्थान पर रहकर 2024 बिली जीन किंग कप प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने में विफल रही। भारत अपने आखिरी मैच में न्यूजीलैंड टीम से 2-1 से हार गई। एशिया/ओशिनिया ग्रुप का आयोजन पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना में स्तिथ चांग्शा शहर के वे मून आइलैंड क्ले पार्क में,12- 13 अप्रैल को किया था। भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना अहम मुकाबला हार गई। न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच में वर्ल्ड नंबर 379 रैंक की भारतीय खिलाड़ी रुतुजा भोसले ने पहले सिंगल्स में न्यूजीलैंड की मोनिक बैरी को हराया। हालांकि, वर्ल्ड नंबर 255 की अंकिता रैना वर्ल्ड नंबर 169 लुलु सन के खिलाफ सिंगल्स मैच हार गईं। अंकिता रैना और प्रार्थना थोम्बारे की जोड़ी अपना युगल मैच, न्यूजीलैंड की जोड़ी एरिन राउटलिफ और पेगे होरिगन से हार गईं। इस हार के साथ, भारत की विश्व प्ले-ऑफ में आगे बढ़ने की संभावनाएं खत्म हो गईं।



## मेट्रो बाजार

# टेस्ला कारों में लगेंगे टाटा के चिप!

**नईदिल्ली, एजेंसी**

आप इस खबर से तो वाकिफ होंगे ही कि टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स भारत में सेमीकंडक्टर चिप की फैक्ट्री लगा रहा है। अब खबर आई है कि टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने चिप की सप्लाई के लिए अमरीकी कंपनी टेस्ला के साथ करार किया है। टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स भारत में सेमीकंडक्टर फैक्ट्री लगा रही है। टेस्ला की कारों में टाटा के चिप सुन कर थोड़ा अविश्वसनीय लग रहा है ना? लेकिन संकेत हो ऐसे ही मिल रहे हैं। ऐसी खबर मिली है कि टेस्ला ने अपने ग्लोबल ऑपरेशन में उपयोग होने वाले सेमीकंडक्टर चिप्स खरीदने के लिए टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ एक रणनीतिक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। सेमीकंडक्टर बिजनस में टाटा ग्रुप की कंपनी टेटा इलेक्ट्रॉनिक्स महत्वपूर्ण निवेश कर रहा है। इसी के बाद टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स और टेस्ला के बीच यह समझौता हुआ है। यह समझौता इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे टाटा को शीर्ष स्तरीय वैश्विक ग्राहकों के लिए एक विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता के रूप में स्थापित होने का अवसर मिलेगा। साथ ही सेमीकंडक्टर वैल्यू चेन में भारत का भी नाम जुड़ जाएगा। इलेक्ट्रिक व्हीकल सेक्टर की प्रमुख अमेरिकी कंपनी टेस्ला दुनिया के सबसे तेजी से विस्तार करने वाले प्रमुख ऑटोमोटिव बाजार भारत में प्रवेश करने के लिए उत्सुक है। टेस्ला के प्रमोटर एलन मस्क कथित तौर पर इस महीने भारत आ रहे हैं।




# इंडियन ओवरसीज ने फिक्स्ड डिपॉजिट पर ब्याज दरें बढ़ाई

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक ने लगातार सातवीं बार अपने रेपो रेट में किसी तरह का बदलाव नहीं किया है. ऐसे में रेपो रेट फिलहाल 6.50 फीसदी पर बनी हुई है. रेपो रेट में किसी तरह का बदलाव न होने पर भी बड़े सरकारी बैंक इंडियन ओवरसीज बैंक ने कुछ चुनिंदा अवधि की एफडी स्कीम की ब्याज दरों में बढ़ोतरी की है. इंडियन ओवरसीज बैंक की आधिकारिक वेबसाइट पर दी गई जानकारी के मुताबिक बैंक ने कुछ अवधि की एफडी स्कीम की ब्याज दरों में 0.50 फीसदी की बढ़ोतरी का फैसला किया है. यह बढ़त 2 करोड़ रुपये से कम की एफडी स्कीम पर की गई है. नई दरें सोमवार 15 अप्रैल 2024 से लागू हो गई है. ऑफिशियल वेबसाइट पर दी गई जानकारी के मुताबिक बैंक 444 दिन की स्पेशल एफडी स्कीम चला रहा है. इस स्कीम पर बैंक ग्राहकों को 2 करोड़ रुपये से कम डिपॉजिट राशि पर अधिकतम 7.30 फीसदी ब्याज दर ऑफर कर रहा है. वहीं सीनियर सिटीजन को इस स्कीम पर अतिरिक्त 0.50 फीसदी ब्याज दर का लाभ मिल रहा है. वहीं सुपर सीनियर सिटीजन यानी 80 वर्ष से अधिक के बुजुर्गों को 0.75 फीसदी ब्याज दर का लाभ मिल रहा है. इंडियन ओवरसीज बैंक अपने ग्राहकों को 7 दिन से लेकर 3 साल और उससे अधिक अवधि के लिए एफडी स्कीम ऑफर कर रहा है, बैंक सामान्य ग्राहकों को 7 से 14 दिन की एफडी स्कीम पर 4.00 फीसदी ब्याज दर ऑफर कर रहा है।




**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

### परिणीति चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर गाया गाना



# बोलीं- चमकीला में अमरजोत को पसंद करने का शुक्रिया

निर्देशक इम्तियाज अली के निर्देशन में बनी फिल्म 'चमकीला' की सफलता की कहानी आम लोगों से लेकर बॉलीवुड हस्तियों के जुबान पर चढ़ी हुई है। फिल्म को लेकर लगातार कोई ना कोई बॉलीवुड अभिनेता अपनी राय सोशल मीडिया पर शेयर कर रहा है। इस फिल्म में परिणीति चोपड़ा और दिलजीत दोसांझ के अभिनय की जमकर तारीफ हो रही है। राजकुमार राव से लेकर प्रियंका चोपड़ा, तृप्ति डिमरी और कार्तिक आर्यन के अलावा भी कई बॉलीवुड हस्तियों ने फिल्म को पसंद किया और फिल्म को लेकर अपनी राय सोशल मीडिया साइट पर साझा की। फिल्म 'चमकीला' पंजाब के मशहूर सिंगर अमर सिंह चमकीला पर बनी एक बायोपिक फिल्म है। इसका निर्देशन इम्तियाज अली ने किया है।

### परिणीति की सोशल मीडिया पर खास पोस्ट

*फिल्म में इन दोनों ही अभिनेताओं ने बेहतरीन अभिनय के साथ गाने भी गाए हैं। फैंस के साथ-साथ यह फिल्म बॉलीवुड हस्तियों को भी बेहद पसंद आ रही है। बॉलीवुड के उन सभी कलाकारों का शुक्रियां अदा करते हुए परिणीति ने भी एक खास पोस्ट अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है। परिणीति ने फिल्म का ही गाना 'ललकारे नाल' गाकर अपनी खुशी का इजहार किया। साथ ही उन्होंने पोस्ट पर लिखा, अमरजोत को इतना प्यार देने के लिए शुक्रिया। आगे परिणीति ने लिखा, आप सभी के ढेर सारे प्यार के लिए धन्यवाद। इस पोस्ट से पहले भी परिणीति चोपड़ा ने फिल्म 'चमकीला' को लेकर एक और पोस्ट साझा किया था। परिणीति ने अपने सोशल मीडिया साइट में फिल्म की कुछ तस्वीरें साझा करते हुए लिखा था, कम्बल में दुबकी हुई हूं। आपके शब्दों, फोन और फिल्म समीक्षाओं से अभिभूत हूं। (आंसू रुक नहीं रहे हैं)।*

# तारीफ तो मिल रही, पर पहले वीकेंड में अक्षय से फिल्मी रेस हारी 'मैदान'

बॉक्स ऑफिस पर अजय देवगन की 'मैदान' अक्षय कुमार-टाइगर श्रॉफ से कमाई की रेस हार गई है। पहले वीकेंड में 'मैदान'ने 'बड़े मियां छोटे मियां' से लगभग आधी कमाई की है। दिलचस्प यह है कि इस स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म को तारीफ तो खूब मिल रही है, लेकिन कमाई नहीं हो रही है। 'मैदान'ने पहले वीकेंड में कमाए करीब 22 करोड़, जबकि 100 करोड़ बजट है। ईद के मौके पर रिलीज हुई ये फिल्म कमाई की रेस में 'बड़े मियां छोटे मियां' से बुरी तरह पिछड़ गई है। हालांकि, अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के फिल्म की हालत भी बहुत अच्छी नहीं है। अमित शर्मा के डायरेक्शन में बनी 'मैदान' देश में फुटबॉल के गोल्डन बॉय कहे जाने वाले सैयद अब्दुल रहीम की बायोपिक है। 11 अप्रैल को जहां यह फिल्म सिनेमाघरों में पूरी तरह से रिलीज हुई थी, वहीं एक दिन पहले शाम से इसके पेड प्रीव्यू भी रखे गए थे। रिपोर्ट के मुताबिक, पेड प्रीव्यूज से हुई 2.60 करोड़ रुपये की कमाई को मिलाकर 'मैदान'ने अपने फर्स्ट वीकेंड में 21.85 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया है। इसमें सबसे अधिक कमाई रविवार को ही हुई है। 'मैदान' का बजट 100 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। हालांकि, फिल्म की कमाई की रफ्तार इस वक्त इतनी धीमी है कि यह अपनी लागत निकाल ले, यही बहुत है। अजय देवगन की इस फिल्म ने पहले दिन 4.5 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। इसकी कमाई घटकर 2.75 करोड़ रुपये हो गई थी। हालांकि, शनिवार को इसने थोड़ी रफ्तार पकड़ी और 5.75 करोड़ रुपये कमाए।



# 'क्रैक' की नाकामी पर खुश हैं नोरा फतेही! फिल्मी पर्दे पर दिखाना चाहती हैं अपनी कहानी

नोरा फतेही बॉलीवुड का एक ऐसा नाम बन चुकी हैं, जो किसी पहचान की मोहताज नहीं। अभिनेत्री और डांसर नोरा फतेही ने भारतीय सिनेमा में एक डांसर के तौर पर अपने करियर की शुरुआत की। अभिनेत्री अपने डांस के लिए तो मशहूर हैं ही, लेकिन अब उनकी अदाकारी को भी दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं। हाल ही में उनकी दो फिल्में 'मडगांव एक्सप्रेस' और 'क्रैक' रिलीज हुई हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बहुमुखी प्रतिभा की धनी अभिनेत्री नोरा फतेही ने अपनी कहानी को फिल्मी पर्दे पर दिखाने की इच्छा जाहिर की है।

### बॉक्स ऑफिस अंक नहीं रखता मायने

नोरा ने एक साक्षात्कार में अपनी फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' और 'क्रैक' के प्रदर्शन को लेकर बातचीत की। अभिनेत्री की दोनों फिल्में बॉक्स ऑफिस पर औसत रहीं। इसी बातचीत के दौरान उन्होंने अपने जीवन की कहानी को फिल्मी पर्दे पर दिखाने की इच्छा भी जाहिर की। फिल्मों के प्रदर्शन को लेकर नोरा ने कहा कि बॉक्स ऑफिस अंक उनके लिए उतना मायने नहीं रखता। वह इस समय अपना ध्यान अपनी लाइफ जर्नी पर केंद्रित कर रही हैं।

### फिल्म की असफलता पर अच्छा महसूस करती हैं नोरा

बातचीत के दौरान नोरा ने खुलकर कहा, 'कई बार लोग 'क्रैक' के अच्छा प्रदर्शन ना करने के बारे में मुझसे पूछते हैं कि मैं कैसा महसूस करती हूं? मैं उनसे कहती हूं 'मैं बहुत अच्छा महसूस करती हूं'। मैं इंडस्ट्री में बड़े नंबर्स के लिए नहीं आई हूं। मैं बॉक्स ऑफिस अदाकारा नहीं हूं।'





भोपाल। ईंटखेड़ी क्षेत्र स्थित एक चार मंजिला इमारत में भीषण आग लग गई। हालांकि बाद में आग पर काबू पा लिया गया।



भोपाल। बारिश के बाद अब तापमान में बढ़ोत्तरी होने लगी है। धूप भी तीखी होने लगी है।

### होटल में कॉलगर्ल हत्याकांड: 4 आरोपी 18 अप्रैल तक रिमांड पर, महिला समेत दो की तलाश जारी

# गला दबाने और प्राइवेट पार्ट से अधिक खून बहने से हुई थी कॉलगर्ल की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बावड़िया कलां में होटल के स्क्वायर में कॉलगर्ल की हुई हत्या के बाद सोमवार को उसका पीएम कराया गया। पुलिस परिजन का इंतजार कर रही थी, लेकिन आधार कार्ड और मोबाइल के आधार पर जो भी पते मिले, वहां परिजन से संपर्क नहीं हो सका। लिहाजा पुलिस ने सोमवार को पीएम कराने के बाद कॉलगर्ल का शव सुरक्षित रख दिया है। डॉक्टर ने शार्ट पीएम रिपोर्ट में मौत के कारण दम घुटने से बताए हैं। इसके अलावा अपने ओपीनियन में बताया कि प्राइवेट पार्ट से हुई ब्लडिंग भी उसकी मौत का कारण है। शाहपुरा पुलिस ने इस सनसनीखेज हत्याकांड



में मुख्य आरोपी रितुल पांडे, सागर, इंदर कुमार, योगेश को कोर्ट में कर दिया। सभी की 18 अप्रैल तक रिमांड ली गई है। पुलिस फरार महक यादव और कुणाल की तलाश की जा रही है। पुलिस की जांच में सामने आया कि महक यादव ई-5 अरेरा कॉलोनी निवासी आशुतोष वाजपेयी की पत्नी है। आशुतोष सेक्स रैकेट चलाता है और तीन बार पूर्व में पकड़ा चुका है। महक यादव उसकी पत्नी है इस मामले में पुलिस ने आशुतोष को आरोपी नहीं बनाया है। दरअसल, चार हजार रुपए रितुल कुमार ने जो ट्रांसफर किए थे वह महक के खाते में गए थे।

### नशे की अवस्था में बढ़ा विवाद, हत्या

पुलिस ने आरोपी रितुल से पूछताछ की तो उसने बताया कि वह कालगर्ल की हत्या नहीं करना चाहता था, लेकिन कॉल गर्ल ने उसके प्राइवेट पार्ट पर दांत से काट लिया था। वह नशे में था। विवाद होने के बाद उसने गुस्से में कालगर्ल के प्राइवेट पार्ट पर अघात कर दिया था। इसके बाद गला दबा दिया। पुलिस ने बताया कि प्रियंका नगर कोलार रोड निवासी निवासी 28 साल का रितुल पांडेय पिता अरुण पाण्डेय निगरानी बदमाश है। उसके खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई भी की जा चुकी है। आरोपी 4 अप्रैल से होटल के कमरा नंबर-1008 में रुका हुआ था। होटल मैनेजर योगेश, रूम अटेंडर सागर ने उसके लिए कालगर्ल बुलाई थी। शाहपुरा पुलिस को अभी तक कालगर्ल की असल पहचान नहीं कर सकी है। आधार कार्ड में लिखे मिले नाम और पते के आधार पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

# नवविवाहिता की मौत के मामले में पति समेत 5 पर प्रकरण, कम दहेज लाने पर कर रहे थे प्रताड़ित



बैरसिया के शेरपुरा इलाके में विगत 12-13 अप्रैल की दरमियानी रात 22 साल की नवविवाहिता की फांसी लगाकर आत्महत्या के मामले में पुलिस ने जांच के बाद पति समेत ससुराल पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ प्रताडऩा व दहेज हत्या का प्रकरण दर्ज किया है। मामले की जाचं एसडीओपी ने की थी। घटना के तीन बाद ही पुलिस ने मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी कम दहेज लाने पर नवविवाहिता को प्रताड़ित कर रहे थे। पुलिस के मुताबिक शाहजहांनाबाद निवासी अर्शिया उर्फ अदीबा (22) की शादी फरवरी 2023 में शेरपुरा बैरसिया में रहने वाले असद खान से हुई थी। असद खान प्राइवेट काम करता है। उनकी कोई संतान नहीं है। थाना प्रभारी नरेन्द्र कुलस्ते ने बताया कि विगत 12-13 अप्रैल की दरमियानी रात करीब एक बजे अस्पताल से सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। अर्शिया के ससुरावालों का कहना है कि उनकी बहू ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। शार्ट पीएम रिपोर्ट में फांसी लगाकर आत्महत्या की बात सामने आई थी। जांच में खुलासा हुआ है कि पति असद समेत सास तबस्सुम, देवर अबरार व उमर, ननद इरम कम दहेज लाने की बात पर अदीबा को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। आरोपियों की मांग थी कि अदीबा अपने मायके से दहेज का और सामान लेकर आए। इनकार करने पर नवविवाहिता को बुरी तरह प्रताड़ित किया जात था। पुलिस ने पति समेत उक्त पांचों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

# टीटी नगर और अयोध्या नगर में दो युवकों ने लगाई फांसी



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित जैन मंदिर के पास मद्रासी कॉलोनी में बीती रात एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना हैड़कि रात होने के कारण मृतक के कमरे की तलाशी नहीं ली गई थी। कमरा सील कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार सोनू पिता कप्पा स्वामी (35) मकान नंबर बी-15, जैन मंदिर के पास मद्रासी कॉलोनी में रहता था और प्राइवेट काम करताड़था। कल रात उसने अपने कमरे में फांसी लगा ली। नजर पड़ती ही परिजन उसे फांसी के फंदे से उतारकर जय प्रकाश अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया। इधर अयोध्या नगर थाना क्षेत्र स्थित भावना नगर में भी बीती रात करीब 12 बजे के आसपास एक युवक ने फांसी लगा ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने बताया कि राहुल सिंह ठाकुर पिता संतोष सिंह ठाकुर (32) मकान नंबर 87, भावना नगर में रहता था। उसकी शादी नहीं हुई थी। वह फेब्रिकेशन का काम करता था। परिजन ने बताया कि राहुल घर में अकेला रहता था। जबकि वह कुछ दूरी पर रहते हैं। राहुल के पड़ोस में रहने वाले परिचित कल रात उसके घर पहुंचे थे। पड़ोसी का कहना था कि रात में दरवाजा खुला हुआ था और कोई नजर नहीं आ रहा था। वे अंदर पहुंचे तो उन्होंने राहुल का शव फांसी के फंदे पर लटका देख राहुल के परिजन को जानकारी दी। इधर सूचना मिलते ही पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने शव पीएम के लिए भेज दिया है।

# सैर सपाटा और बोट क्लब घूमने के लिए चुराया ऑटो, पांच आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

स्टेशन बजरिया पुलिस ने सवारी ऑटो चोरी करने वाले पांच वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने बोट क्लब-सैर सपाटा घूमने के लिए आटो चोरी किया था। पुलिस ने इन्हें उस दौरान पकड़ा जब चोरी के ऑटो में बैठकर आरोपी शराब पार्टी कर रहे थे। पुलिस आरोपियों से अन्य वारदातों को लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस के मुताबिक, फातिमा-बी मस्जिद के पास अशोका गार्डन निवासी 40 साल के अब्दुल हसीव खुद का आटो चलाते हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार रात करीब साढ़े 10 बजे वह अपना ऑटो लेकर ए-वन शादी हाल 80 फीट रोड कोच फैक्ट्री सवारी छोड़ने जा रहा था। रास्ते में आटो रोककर बाथरूम करने लगा। तभी ऑटो में बैठे पांच अज्ञात लड़के आटो लेकर फरार हो गए। पुलिस ने मामला



दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी। इसी बीच पुलिस को पता चला कि कोच फैक्ट्री के जंगल में कुछ लड़के एक सवारी ऑटो में बैठकर शराव पी रहे हैं। वह नशे की हालत में हंगामा भी कर रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर आटो में बैठे युवकों को पकड़ा। उनसे पुलिस ने आटो के दस्तावेज मांगे। आरोपी पुलिस को गुमराह करने लगे। पुलिस उन्हें पकड़कर थाने लेकर आई। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपियों ने गुनाह कबूल लिया। बताया कि उन्होंने ने ही आटो चोरी किया है। आरोपियों की पहचान नीमपुरा शंकराचार्य नगर निवासी 20 साल के अविनाश बौद्ध उर्फ जीरो नाइन, महामाई का बाग निवासी 18 साल के रवि कुशवाह उर्फ लेकिन, चांदबड़ बजरिया निवासी प्रिंस राजपूत उर्फ इंदौरी के रूप में हुई। इनके साथ दो नाबालिगों को पुलिस ने पकड़ा है।

# महिला से एक किलो गांजा बरामद

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



गौतम नगर पुलिस ने अटल अय्युब नगर में एक घर में छापामार कार्रवाई करते हुए एक किलो ग्राम गांजा जब्त किया है। जब्त गांजे की कीमत दस हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में कार्रवाई कर गांजे के बारे में पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि अटल अय्युब नगर में रहने वाली 30 साल की संध्या कुचबंदिया अपने घर से गांजे की पुड़िया बनाकर बेचती है। सूचना पर सोमवार रात करीब पौने दस बजे पुलिस की टीम संध्या के घर पहुंची और तलाशी ली। तलाशी लेने पर उसके घर से एक किलो गांजा मिला।

## रेस्टोरेंट में परोसी जा रही थी अवैध शराब, आबकारी टीम ने दी दबिश

**भोपाल।** रविवार-सोमवार की दरमियानी रात आबकारी टीमों ने अलग-अलग क्षेत्रों में छापामार कार्रवाई करते हुए रेस्टोरेंट में परोसी जा रही अवैध शराब पकड़ी और 28 प्रकरण दर्ज किए हैं। दो टीमों ने छोला रोड, रायसेन रोड, बावड़िया कला, भदभदा रोड स्थित रेस्त्रां क्लाउड 11, आचमन, खुशी, अतिथि, विंटर रोज, बासिल रेस्टोरेंट में दबिश दी। जहां पर खुलेआम शराब परोसी जा रही थी। टीम को देखते ही लोगों में भगदड़ मच गई। टीम ने आबकारी एक्ट के तहत 28 प्रकरण दर्ज किए।

**मेट्रो एंकर** | ईंटखेड़ी में स्वयंवर गार्डन के सामने हुआ हादसा

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवकों को मारी टक्कर, दो की मौत, तीसरा गंभीर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित स्वयंवर गार्डन के सामने बीती रात अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल युवकों को एंबुलेंस हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंची थी, वहां दो युवकों को डॉक्टर ने चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया। तीसरे की हालत नाजुक बनी हुई है और उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिए है। पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन का पता लगा रही है।

एसआई रामस्नेही राजपूत ने बताया कि योगेश पिता हिम्मत सिंह यादव (20) गांव राताताल, ईंटखेड़ी में रहता था। सोमवार रात वह अपने साथी मनीष यादव पिता पप्पू यादव (18) निवासी राताताल और संजय यादव निवासी राताताल के साथ एक ही बाइक पर सवार होकर अपने गांव राताताल जा रहा था। तीनों ईंटखेड़ी से राताताल जाने के लिए बाइक से निकले थे। उनकी बाइक स्वयंवर गार्डन के पास पहुंची थी कि रात करीब सवा दस बजे के आसपास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। राहगीरों ने उन्हें सड़क पर घायल अवस्था में पड़ा देखकर पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस तीनों को लेकर हमीदिया अस्पताल पहुंची थी। वहां योगेश और मनीष को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। उन्हें सिर समेत हाथ पैर में गंभीर चोट थी। संजय की हालत नाजुक है और वह अभी बयान देने की स्थिति में नहीं है।








स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022